सहायता का ब्यौरा	➢ आवासीय (Hostellers) विद्यार्थियों को 700 रूपये/महीना, 10 महीनों के लिए तथा 1000 रूपये/वार्षिक adhoc अनुदान दिया जाता है। ➢ अनावासीय (day scholar) विद्यार्थियों के लिए 225 रूपये/महीना, 10 महीनों के लिए तथा 750 रूपये/वार्षिक adhoc अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त सहायता का प्रावधान है दृष्टि बाधित विद्यार्थी–100 रूपये/महीना अनावासीय विद्यार्थियों के लिए यात्रा भत्ता – 50 रूपये/महीना शरीर के निचले भाग में अत्यधिक दिव्यांगता से युक्त अनावासीय विद्यार्थियों को अनुरक्षण (एस्कॉर्ट) भत्ता- 50 रूपये/महीना बौद्धिक अक्षमता वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त कोचिंग हेतु भत्ता जो कक्षा तीसरी से दसवीं तक पढ़ते है – 100 रूपये/महीना।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	संबन्धित पाठशाला लागू नहीं होती।
वाँछित दस्तावेज	➢ नियोक्ता से अस्वच्छ व्यवसाय में कार्यरत व्यवसाय प्रमाण पत्र ➢ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि हो) ➢ विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि ➢ आधार कार्ड की प्रतिलिपि
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	संबन्धित पाठशाला /संबन्धित खंड शिक्षा अधिकारी/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	अल्पसंख्यक समुदाय से संबन्धित बच्चों को पूर्व मैट्रिक छात्रवृति

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति सरकारी व प्राइवेट पाठशालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों जो अल्प संख्यक समुदाय मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध और जैन से सम्बन्ध रखते हों, को आर्थिक सहायता व स्कूल जाने को प्रोत्साहित करने के लिये दी जाती है।

पात्रता	➢ यह छात्रवृति उन छात्र/ छात्राओं को दी जाती है जिनके माता-पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय मु0 1,00,000/- से अधिक न हो व पिछली उत्तीर्ण की गई परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों। ➢ एक परिवार से अधिकतम दो बच्चों को देय है।
सहायता का ब्यौरा	➢ एक शैक्षिणिक वर्ष में कक्षा 6 से 10 के लिये दाखिला फीस मु0 500/- रु0 प्रतिवर्ष या वास्तविक जो भी कम हो, कक्षा 6 से 10 के लिये ट्यूशन फीस मु0 350/- रु0 प्रतिमाह या वास्तविक जो भी कम हो। ➢ रख- रखाव भत्ता कक्षा 1 से 10 के लिये मु0 100/- रु0 प्रतिमाह 10 माह के लिये तथा कक्षा 6 से 10 के छात्रावासी छात्र- छात्राओं को मु0 600/- रु0 प्रतिमाह 10 माह के लिये दिया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं या संबन्धित स्कूल।
वाँछित दस्तावेज	1. परिवार की आय का प्रमाण पत्र। 2. उत्तीर्ण की गई आखिरी परीक्षा का सत्यापित प्राप्त अंक विवरण प्रमाण पत्र जोकि आवेदन पर भरी गई हो। 3. विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि। 4. आधार कार्ड की प्रतिलिपि। 5. माता –पिता / संरक्षक द्वारा स्वयम सत्यापित अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/ प्रारंभिक उप शिक्षा निदेशक / प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	प्री- मैट्रिक दिव्यांगता छात्रवृति (कक्षा 9 से 10 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति दिव्यांगजन युवाओं की शिक्षा दर को बढ़ाने सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण तथा पाठशाला जाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दी जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति योजना हिमाचल प्रदेश के उन स्थायी विकलांग छात्र/छात्राओं के लिए देय है जिनकी दिव्यांगता 40% या उससे अधिक हो, जिसे सरकार के सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया हो और जो किसी सरकारी/ सरकारी अनुदान प्राप्त/प्राइवेट संस्थान मे अध्ययनरत हो तथा जिनके माता पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय मु0 2,50,000/- से ज्यादा नहीं हो। यह छात्रवृति एक परिवार से अधिकतम दो बच्चों को देय है।
सहायता का ब्यौरा	**रखरखाव भत्ता** ➢ आवासीय (hosteller) विद्यार्थियों के लिए – 800 रूपये/माह जो कि शैक्षणिक वर्ष में 12 महीने के लिए देय है। ➢ अनावासीय (Day Scholar) विद्यार्थियों के लिए- 500 रूपये/माह जो कि शैक्षणिक वर्ष मे 12 महीने के लिए देय है पुस्तक अनुदान (Book Grant) 1000 रूपये/ वार्षिक दिव्यांगता भत्ता। ➢ दृष्टि बाधित (VisuallyImpaired)- 4000 रूपये / वार्षिक। ➢ श्रवण बाधित (HearingImpaired) – 2000 रूपये / वार्षिक। ➢ शारीरिक रूप से अक्षम (Physically Disabled)- 2000 रूपये / वार्षिक। ➢ बौद्धिक अक्षमता (intellectual disabilities)- 4000 रूपये/ वार्षिक। ➢ अन्य सभी प्रकार कि दिव्यांगता जो ऊपर लिखित नहीं है - 2000 रूपये/ वार्षिक।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है या संबन्धित पाठशाला।
वाँछित दस्तावेज	➢ चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त प्रमाणित दिव्यांग प्रमाण पत्र। ➢ आय प्रमाण पत्र। ➢ विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि। ➢ आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	संबन्धित पाठशाला/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति से संपर्क कर सकते है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	पूर्व मैट्रिक छात्रवृति (अनुसूचित जाति) (कक्षा 1 से 5 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति से संबंधित बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।
पात्रता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों की छात्र छात्राओं को देय है जो अनुसूचित जाति से संबंधित होते हैं।
सहायता का ब्यौरा	इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में कक्षा 1 से 5 के लिये मु0 150/- रु0 प्रतिवर्ष देय है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	संबन्धित पाठशाला। लागू नहीं होती।
वाँछित दस्तावेज	➢ अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र ➢ विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि ➢ आधार कार्ड की प्रतिलिपि
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	संबन्धित पाठशाला /संबन्धित खंड शिक्षा अधिकारी/ संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/ प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	बी0 पी0 एल0/ आई0 आर0 डी0 पी0 छात्रवृति योजना (कक्षा 1 से 8 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों का आर्थिक सशक्तिकरण व सहायता उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों की छात्र-छात्राओं को देय है जिनके माता-पिता बी0 पी0 एल0/ आई0 आर0 डी0 पी0 परिवार से संबंधित हैं।
सहायता का ब्यौरा	इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में कक्षा 1 से 5 के लिये मु0 150/- रु0, तथा कक्षा 6 से 8 के लिये मु0 250/- रु0 प्रति छात्र एवम् 500/- रु0 प्रति छात्रा को प्रतिवर्ष देय है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	संबन्धित पाठशाला। लागू नहीं होती।
वाँछित दस्तावेज	➢ बी0 पी0 एल0/ आई0 आर0 डी0 पी0 प्रमाण पत्र। ➢ हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण पत्र। ➢ विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि ➢ आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	संबन्धित पाठशाला/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति से संपर्क कर सकते है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	मेधावी छात्रवृति योजना (कक्षा 6)

उद्देश्य एवम् विशेषता — यह छात्रवृति सरकारी पाठशालाओं में पढ़ रहे मेधावी विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करने के उद्देश्य से शुरु की गई है।

पात्रता — हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों की छात्र-छात्राओं को जो छठी कक्षा में पढ़ रहे हैं तथा जिन्होने कक्षा पाँचवीं में ग्रेड-बी या उससे अधिक के ग्रेड में पास की हो, इस मेधावी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने के लिये पात्र होंगे।

सहायता का ब्यौरा — छात्रवृति की दर मु0 800/- रुपये प्रति छात्र-छात्रा वार्षिक है परीक्षा के आधार पर प्रत्येक शिक्षा खंड में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले दो छात्र व दो छात्राओं को यह छात्रवृत्ति कक्षा छठी में प्रदान की जायेगी तथा यह छात्रवृत्ति कक्षा सातवीं व आठवीं में भी देय होगी यदि वे अपनी परीक्षाएँ ग्रेड-बी या उससे अधिक के ग्रेड में पास करेंगे।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — संबन्धित पाठशाला। लागू नहीं होती।

वाँछित दस्तावेज

- पाँचवीं कक्षा से उत्तीर्ण अंक विवरण प्रमाण पत्र।
- विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि।
- आधार कार्ड की प्रतिलिपि।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — संबन्धित पाठशाला/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति से संपर्क कर सकते है।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	सशस्त्र सेना में युद्ध के दौरान मारे गये अथवा दिव्यांग सैनिकों के बच्चों को छात्रवृति (कक्षा 1 से 5 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता — यह छात्रवृति सैनिक परिवार से संबंधित छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता तथा पाठशाला जाने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये दी जाती है।

पात्रता — इस योजना के अंतर्गत युद्ध के दौरान मारे गये अथवा दिव्यांग हुये सैनिकों के बच्चों को विभिन्न स्तरों पर छात्रवृति का प्रावधान किया गया है। ऐसे मामलों में जिन सैनिकों की दिव्यांगता 50% से कम होती है उनके बच्चों को आधी छात्रवृति प्रदान की जाती है।

सहायता का ब्यौरा — इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में कक्षा 1 से 5 के लिये मु0 150/- रु0 प्रतिवर्ष देय है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — संबन्धित पाठशाला लागू नहीं होती।

वाँछित दस्तावेज

- योग्य अधिकारी द्वारा सत्यापित माता/पिता के निधन/ दिव्यांगता का प्रमाण पत्र
- विद्यार्थी के नाम पर बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि
- आधार कार्ड की प्रतिलिपि

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — संबन्धित पाठशाला/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय/ राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति से संपर्क कर सकते है।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	अटल स्कूल वर्दी योजना (कक्षा 1 से 12 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता — इसका उद्देश्य सरकारी पाठशालाओं में पढ़ रहे बच्चों को गुणात्मक कपड़ा उपलब्ध करवाना तथा समानता का अनुभव करवाना है। इसके साथ ही बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करना है।

पात्रता — सरकारी पाठशालाओं में पहली से बाहरवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण कर रहे सभी बच्चे।

सहायता का ब्यौरा	कक्षा 1 से 12 तक शिक्षा ग्रहण कर रहे सभी बच्चों को **"अटल स्कूल वर्दी योजना"** के अन्तर्गत नि:शुल्क वर्दियाँ प्रदान की जा रही हैं। वर्ष में वर्दी के दो-दो सेट सभी छात्र-छात्राओं को एक साथ दिये जाते हैं। कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाली छात्राओं को दुपट्टे भी दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त वर्दियों की सिलाई हेतु कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को मु0 100/- रूपये प्रति सेट की दर से मु0200/- रूपये प्रति विद्यार्थी प्रदान किए जा रहे है। उक्त योजना के अन्तर्गत ही इस वर्ष से कक्षा पहली, तीसरी, छठी तथा नवीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग भी प्रदान किए जा रहे हैं।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	सरकारी पाठशालाओं में नामांकन के आधार पर ही बच्चों को वर्दियों का वितरण किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	सरकारी पाठशालाओं में नामांकन।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	संबन्धित पाठशाला/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मुफ्त पाठ्य पुस्तकें योजना (कक्षा 1 से 8 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इसका उद्देश्य सरकारी पाठशालाओं में पढ़ रहे बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाना है ताकि स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे किताबों से वंचित न रहें।
पात्रता	सरकारी पाठशालाओं में नामांकन के आधार पर कक्षा प्रथम से आठवीं तक के समस्त छात्र-छात्राएं।
सहायता का ब्यौरा	कक्षा प्रथम से आठवीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती हैं। वर्तमान में छात्रों को शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	संबन्धित पाठशाला। वेबसाइट www.himachal.nic.in/eleedu
वाँछित दस्तावेज	स्कूल में नामांकन।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	संबन्धित पाठशाला/खंड शिक्षा अधिकारी/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	अनुसूचित जाति (आई0 आर0 डी0 पी0/ बी0 पी0 एल0) के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क लेखन सामाग्री (कक्षा 1 से 5 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति के उन छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता तथा पाठशाला जाने के लिये प्रोत्साहित करना है जिनके माता-पिता बी0 पी0 एल0 / आई0 आर0 डी0 पी0 में आते हैं।

पात्रता हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को देय है जिनके माता-पिता अनुसूचित जाति तथा बी0 पी0 एल0/ आई0 आर0 डी0 पी0 परिवार से संबंधित हैं।

सहायता का ब्यौरा इस योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में कक्षा 1 से 2 के लिये मु0 250/- रु0, कक्षा 3 से 4 के लिये मु0 300/- रु0 एवम् कक्षा 5 के लिये मु0 350/- रु0 प्रति छात्र-छात्रा को प्रतिवर्ष दिये जाते है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? संबन्धित पाठशाला लागू नहीं होती है।

वाँछित दस्तावेज

- अनुसूचित जाति (BPL/IRDP) प्रमाण पत्र
- विद्यार्थी के नाम का बैंक बचत खाता संख्या की प्रतिलिपि
- हिमाचली Bonafide प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड की प्रतिलिपि

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी संबन्धित पाठशाला/संबन्धित खंड शिक्षा अधिकारी/संबन्धित उप शिक्षा निदेशक प्रारम्भिक/प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय।

जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	अटल आदर्श विद्यालय योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

1. बच्चों को मूल्य सम्वर्धित संस्कृति के बारे में जागरूकता, साहसिक गतिविधियां और शारीरिक शिक्षा के मजबूत घटक सहित अच्छी गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा प्रदान करना।
2. बच्चों में बढ़ती चुनौतियों का सामना करने और जीवन के सभी क्षेत्रों में सेवाओं की भावना पैदा करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

पात्रता

संबन्धित विधानसभा क्षेत्र के अधिकतम 50 बच्चों का नामांकन।

सहायता का ब्यौरा

अटल आदर्श विद्यालय लाहौल स्पीति , किन्नौर और वे विधानसभा क्षेत्र जहां जवाहर नवोदय विद्यालय व एकलव्य मॉडल स्कूल स्थित है, को छोड़कर राज्य के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में खोले जाएँगे। यह स्कूल कक्षा नर्सरी से पाँचवी तक मुफ्त शिक्षा व कक्षा छठी से बाहरवीं तक सभी बच्चों को मुफ्त आवास, खानपान व शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाएगा। इसमें छात्र–छात्राओं को अलग-अलग छात्रावास, संसाधनो से परिपूर्ण आईटी प्रयोगशाला, परिपूर्ण पुस्तकालय, आकर्षक सभागार, विशाल खेल मैदान आदि उपलब्ध करवाए जाएँगे।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

विचाराधीन

वाँछित दस्तावेज

जन्म प्रमाण पत्र, संबन्धित विधानसभा क्षेत्र का आवासीय प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

संबन्धित पाठशाला/सम्बंधित उप शिक्षा निदेशक (प्रा०)।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	मध्याह्न भोजन योजना (कक्षा 1 से 8 तक)

उद्देश्य एवम् विशेषता

1. छात्र एवं छात्राओं के नामांकन में वृद्धि।
2. छात्र एवं छात्राओं के स्कूल छोड़ने की प्रवृति (ड्रापआउट दर)को कम करना।
3. छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति को बढ़ावा देना।
4. प्राथमिक पाठशाला के छात्रों के पोषण स्तर को बढ़ाना। प्रत्येक पाठशाला कार्यदिवस पर विद्यार्थियों को गर्म और पकाया हुआ भोजन उपलब्ध करवाना।

पात्रता

कक्षा 1 से 8 के सभी उपस्थित विद्यार्थी जो कि - राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं, राजकीय माध्यमिक पाठशालाओं , केन्टोन मेन्ट बोर्ड पाठशालाओं , सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सहायता प्राप्त पाठशालाओं में नामांकित हो।

सहायता का ब्यौरा

प्रत्येक पाठशाला कार्यदिवस पर विद्यार्थियों को गर्म और पकाया हुआ भोजन उपलब्ध करवाया जाता है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत तथा राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत बजट का प्रावधान किया जाता है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

क्रम संख्या -3 पर दर्शायी गई राजकीय पाठशालाओं में नामांकन आवश्यक है। योजना बारे जानकारी विभाग की वेबसाइट http://himachal.nic.in/eleedu पर उपलब्ध है।

वाँछित दस्तावेज

ऊपर लिखित पाठशालाओं में नामांकन।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

संबन्धित पाठशाला।

जेंडर

दोनों

III- पर्यावण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार

उद्देश्य एवम् विशेषता

योजना का उद्देश्य संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में सतत् विकास की नीति को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में उपस्थित विभिन्न संगठनों एवं व्यक्तियों के सहयोग से सतत् एवं कार्बन स्मार्ट आर्थिक विकास की दिशा की ओर पर्यावरण के संरक्षण हेतु अपनाई जा रही उत्तम कार्यप्रणाली को प्रोत्साहन देना है।

पात्रता

यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष बारह विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत शहरी स्थानीय निकायों, अस्पतालों, होटल और रिसार्ट्, शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, कार्यालय परिसरों, उद्योगों, पंचायतों, कल्याण समीतियों, रेस्तरां, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों आदि संस्थाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास हेतु अपनाई जा रही उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों में उनके योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा जो पर्यावरण संरक्षण के मार्गदर्शक बनेंगे।

सहायता का ब्यौरा

यह पुरस्कार बारह विभिन्न श्रेणियों को, समृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक राशि (प्रथम पुरस्कार 50000/- रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार 25000/- रूपये) के रूप में दिया जाएगा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों एवं विभाग की वैब साईट www.desthp.nic.in पर प्रत्येक वर्ष विज्ञापन प्रसारित किया जाता है। इस विज्ञापन में दी गई जानकारी के आधार पर ही आवेदन किया जा सकता है।

वाँछित दस्तावेज

इस पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में दी गई है यह अधिसूचना विभाग की वैब साईट पर भी उपलब्ध है।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

आवेदन, विज्ञापन प्रसारित होने के पश्चात् इस पते पर प्रेषित किए जा सकते हैं निदेशक पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार पर्यावरण भवन, यू एस क्लब, शिमला हिमाचल प्रदेश-171001। दूरभाषः 0177-2656559, फैक्स- 0177-2659609

जेंडर

दोनों

IV- मत्स्य पालन विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	बचत एवम् राहत योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

राज्य के जलाशयों में कार्यरत मछुआरों को दो माह के वर्जित काल के समय आर्थिक सहायता प्रदान करना।

पात्रता

1. लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिये।
2. लाभार्थी किसी कार्यशील मत्स्य सहकारी सभा/फेडरेशन/पंजीकृत इकाई का सदस्य होना चाहिये। लाभार्थी को मछली पकड़ने वाले 10 माह तक रू० 100/- प्रति माह (रू० 1000 वार्षिक) का योगदान देना होगा। राज्य सरकार, केंद्र सरकार व लाभार्थी से रू० 3000/- की एकत्रित राशि प्रत्येक मछुआरे को दो माह के वर्जित काल के समय दो किस्तों में दी जाती है।

सहायता का ब्यौरा

रू० 2000/- (रू० 400/- राज्य भाग + रू० 1600/- केंद्र भाग)

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सम्बधित मत्स्य सहकारी सभा की सदस्यता हेतु कोरे कागज पर आवेदन करें। आवेदक साधारण कागज पर सभा के पास राशि जमा करवाने हेतु सम्बधित मत्स्य सहकारी सभा से अनुरोध करें।

वाँछित दस्तावेज — राज्य के जलाशयों की मत्स्य सहकारी सभाओं से पूर्णकालिक मछुआरों का पूर्ण विवरण व 10 माह का वित्तीय योगदान।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

आयु सीमा — **न्यूनतम 18**
अधिकतम 60

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	दुर्घटना बीमा योजना (प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना की पद्धति पर)

उद्देश्य एवम् विशेषता — राज्य के सभी मछुआरो व मत्स्य पालकों को निःशुल्क बीमा उपलब्ध करवाना।

पात्रता

1. राज्य के सभी मछुआरो व मत्स्य पालक निःशुल्क बीमा योजना में पात्र हैं। मछुआरा/मत्स्य पालक मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता होने पर रू० 2.00 लाख की राशि हेतु बीमित है। आंशिक अपंगता 50 % से अधिक होने पर रू० 1.00 लाख की राशि हेतु बीमित है तथा दुर्घटना होने पर रू० 10,000/-Indoor patient (Hospitalization expenses) उपचार हेतु दिए जाएंगे।
2. बीमा कवच 12 माह के लिये होगा।
3. बीमा योजना फिश कोफेड (FISHCOPFED) के माध्यम से लागू की जाएगी।
4. आयु सीमा 18-65

सहायता का ब्यौरा — 100 %

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — दावा निधन के एक माह के भीतर करना होगा दावा फॉर्म की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। आवेदक को सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में साधारण कागज पर दुर्घटना बारे सूचना सम्बधित अधिकारी को तुरन्त देनी होगी। (आवेदन फॉर्म के लिए नीचे क्लिक करें) Claim Disbursement Voucher ClaimIntimation under JPA Claim Form-II ANNEXURE-III Disbursement Receipt

वाँछित दस्तावेज — पहचान पत्र पते सहित, बैंक खाता विवरण (आई एँफ़ एस सी कोड सहित), मोबाइल नंबर आधारलिंक, मृत्यु की अवस्था में मुआवजे की राशी प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर प्राथमिकी सूचना/रासायनिक विश्लेषण रिपोर्ट अथवा चिकित्सा प्रमाण पत्र जिसमें मृत्यु का कारण बताया गया हो। मृत्यु प्रमाण पत्र, वैधानिक उतराधिकारी प्रमाण पत्र। सात वर्ष से गुम होने की अवस्था में मनोनीत व्यक्ति से क्षतिपूर्ति बंधपत्र। आयु प्रमाण पत्र। अपंगता की अवस्था में मुआवजे का विवरण, घटना के कारण आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त प्रमाण पत्र दुर्घटना के एक माह के भीतर देना होगा।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

आयु सीमा — **न्यूनतम 18**
अधिकतम 65

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	मछुआरों व मत्स्य पालकों हेतु प्रशिक्षण शिविर योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — मछुआरों व मत्स्य पालकों के ज्ञानवर्धन व स्वरोजगार सृजन हेतु।

पात्रता — समय समय पर मात्स्यिकी विभाग द्वारा मछुआरों व मत्स्य पालकों के ज्ञानवर्धन हेतु प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है जिसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों से प्राप्त की जा सकती है। इस योजना में बेरोजगार व्यक्ति जो भविष्य में मत्स्य पालन अपनाना चाहता है, वो भी पात्र है।

सहायता का ब्यौरा — 100 %

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — आवेदन कोरे कागज पर मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है और प्रशिक्षण शिविर की जानकारी विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in पर एक माह पूर्व फ्लेश की जायेगी।

वाँछित दस्तावेज — प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु आवेदन कोरे कागज पर आवेदन पत्र विषय सहित, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र पते सहित।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	तालाब नव निर्माण हेतु सहायता योजना (स्लूस गेट जलापूर्ति हेतु निर्माण कार्य तथा वायु संचारण, आहार भंडार)

उद्देश्य एवम् विशेषता	मत्स्य पालन में स्वरोजगार व मत्स्य उत्पादन में बढ़ौतरी।
पात्रता	1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जायेगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है। 2. निर्मित तालाब की न्यूनतम 1.5 मीटर गहराई होनी चाहिये। प्रति लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल की ही वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी तथा सहकारी सभाओं इत्यादि को प्रति सदस्य 2 हेक्टेयर तथा अधिकतम 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। 3. परियोजना रिपोर्ट केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	(इकाई लागत= रू० 7,00,000/- प्रति हेक्टेयर) सामान्य जाति 40% (रू० 2,80,000/-) प्रति हेक्टेयर की अधिकतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति हेक्टेयर की दर से रू० 4,20,000/- अधिकतम सीमा।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।
वाँछित दस्तावेज	ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़ (पर्चा/ततीमा), पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर (आधार लिंक), आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	तालाब मुरम्मत, पुनरुधार हेतु सहायता योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — मत्स्य पालन में स्वरोजगार व मत्स्य उत्पादन में बढ़ौतरी।

पात्रता

1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।
2. किसी भी मोजूदा तालाब को मुरम्मत हेतु निर्माण से 5 वर्ष की अवधि के उपरांत ही लिया जा सकता है।
3. गरीबी रेखा से नीचे रह रहे मत्स्य पालकों को वरीयता दी जाएगी।
4. प्रति लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी तथा सहकारी सभाओं इत्यादि को प्रति सदस्य 2 हेक्टेयर तथा अधिकतम 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर सहायता प्रदान की जाएगी। परियोजना रिपोर्ट केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी।

सहायता का ब्यौरा — (इकाई लागत=रू० 3,50,000/- प्रति हेक्टेयर) सामान्य जाति 40 % रू० 1,40,000/- प्रति हेक्टेयर की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति हेक्टेयर की दर से रू० 2,10,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज — ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़ (पर्चा/ततीमा), पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र, आय प्रमाणपत्र बी पी एल परिवार के। तालाब को पट्टे पर लेने हेतु पंचायत प्रस्ताव की प्रति।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	रियरिंग तालाब नव निर्माण हेतु सहायता योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — मत्स्य पालन में स्वरोजगार व राज्य के जल-स्त्रोतों में संग्रहण हेतु बड़े आकार की अन्गुलिकाएं तैयार करना।

पात्रता

1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।
2. निर्मित तालाब की न्यूनतम 1.5 मीटर गहराई होनी चाहिये। प्रति लाभार्थी अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी तथा सहकारी सभाओं इत्यादि को प्रति सदस्य 2 हेक्टेयर तथा अधिकतम 20 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
3. परियोजना प्रस्ताव केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी।

सहायता का ब्यौरा — (इकाई लागत= रू० 6,00,000/- प्रति हेक्टेयर) सामान्य जाति 40% रू० 2,40,000/- प्रति हेक्टेयर की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति हेक्टेयर की दर से रू० 3,60,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज — बी.पी.एल. प्रमाण पत्र, ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़ (पर्चा/ततीमा), पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	प्रथम वर्षीय आदानो हेतु सहायता योजना (बीज, खुराक, खाद व परिवहन)

उद्देश्य एवम् विशेषता — प्रथम वर्ष में मत्स्य पालकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वित्तीय सहायता।

पात्रता

1. मत्स्य पालन निर्माण व मुरम्मत पर आदानों हेतु सहायता प्रदान की जाएगी।
2. आदानों हेतु सहायता केवल प्रथम वर्ष में ही दी जाएगी।
3. आदानों हेतु सहायता केवल तालाबों के पूर्ण रूप से मत्स्य पालन योग्य होने पर दी जाएगी।

सहायता का ब्यौरा — (इकाई लागत= रू० 1,50,000/- प्रति हेक्टेयर) सामान्य जाति 40 % रू० 60,000/- प्रति हेक्टेयर की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति हेक्टेयर की दर से रू० 90,000/- की अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — यह योजना मत्स्य तालाब नव निर्माण, मुरम्मत व पुनरुउधार तथा रियरिंग तालाब नव निर्माण के लाभार्थी हेतु प्रथम वर्ष में देय है। अतः अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

वाँछित दस्तावेज — केवल तालाब नव निर्माण, पुनरुधार व रियरिंग तालाबों के निर्माण के अंतर्गत लाभार्थी हेतु सहायता योजना पूर्ण प्रथम वर्षीय आदानों को क्रय करने की मूल रसीदें इत्यादि।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	कार्प हैचरी निर्माण हेतु सहायता योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — कार्प बीज उत्पादन में राज्य को आत्मनिर्भर बनाना व राज्य में मत्स्य पालन में स्वरोजगार सृजन करने हेतु वित्तीय सहायता।

पात्रता

1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।
2. भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।
3. परियोजना रिपोर्ट केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी।
4. हैचरी में न्यूनतम 10 मिलियन (1 करोड़) फ्राई प्रति वर्ष उत्पादन होना चाहिये।
5. हैचरी में ब्रूडर तालाब, नर्सरी तालाब, बिजली व पानी की आपूर्ति, छोटे आकार की प्रयोगशाला इत्यादि की सुविधा होनी चाहिए।
6. हैचरी योग्य तकनीकी एवम् कुशल स्टाफ द्वारा प्रबंधित होनी चाहिए।
7. लाभार्थी अन्य मत्स्य पालको को मत्स्य बीज उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
8. निर्माण उपरांत हैचरी का प्रबंधन व संचालन लाभार्थी अपने खर्च पर करेगा।

सहायता का ब्यौरा — (इकाई लागत=रू० 25,00,000/- प्रति इकाई व 2 हेक्टेयर नर्सरी तालाबों के निर्माण हेतु) सामान्य जाति 40 % रू० 10,00,000/- प्रति इकाई की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति इकाई की दर से रू० 15,00,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज — ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़ (पर्चा/ततीमा), पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।, जाति प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	ट्राउट इकाई निर्माण हेतु सहायता योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता ट्राउट पालन में स्वरोजगार व् ट्राउट उत्पादन में बढ़ौतरी।

पात्रता

1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।
2. भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।
3. प्रति लाभार्थी केवल 4 इकाईयों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
4. सहकारी सभाओं हेतु अधिकतम 10 इकाईयों हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

सहायता का ब्यौरा (इकाई लागत= रू०2,00,000/- प्रति इकाई) 17m*2m*1.5m सामान्य जाति 40 % रू० 80,000/- प्रति इकाई की अधिकतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति इकाई की दर से रू०1,20,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।, जाति प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी उप-निदेशक कुल्लू/सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	ट्राउट पालन के प्रथम वर्षीय आदानो (बीज, खुराक, परिवहन) हेतु सहायता योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता ट्राउट उत्पादन में राज्य को आत्मनिर्भर बनाना व राज्य में मत्स्य पालन में स्वरोजगार सृजन हेतु वित्तीय सहायता।

पात्रता

1. आदानों हेतु वित्तीय सहायता केवल नव निर्मित ट्राउट रेसवेज पर ही देय है।
2. आदानों हेतु वित्तीय सहायता केवल ट्राउट रेसवेज के पूर्ण रूप से मत्स्य पालन योग्य होने पर ही दी जाएगी।

सहायता का ब्यौरा (इकाई लागत= रू०2,50,000/- प्रति इकाई) सामान्य जाति 40 % रू० 1,00,000/- प्रति इकाई की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति इकाई की दर से रू०1,50,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? यह योजना ट्राउट इकाई निर्माण के लाभार्थी हेतु प्रथम वर्ष में देय है। अतः अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

वाँछित दस्तावेज प्रथम वर्षीय आदानों को क्रय करने की मूल रसीदें इत्यादि।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी उप-निदेशक कुल्लू/सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	ट्राउट हैचरी निर्माण हेतु सहायता योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता ट्राउट बीज उत्पादन में राज्य को आत्मनिर्भर बनाना व राज्य में मत्स्य पालन में स्वरोजगार सृजन करने हेतु वित्तीय सहायता।

पात्रता	1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है। 2. परियोजना रिपोर्ट केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी। 3. हैचरी में न्यूनतम 2.00 लाख ट्राउट बीज प्रति वर्ष उत्पादन होना चाहिये। 4. हैचरी में हैचिंग ट्रौफ, नर्सरी टैंक, स्टार्टर फीडर टैंक, बिजली व पानी इत्यादि की सुविधा होनी चाहिए। 5. हैचरी योग्य तकनीकी एवम् कुशल स्टाफ द्वारा प्रबंधित होनी चाहिये। 6. लाभार्थी अन्य मत्स्य पालको को मत्स्य बीज उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। 7. निर्माण उपरांत हैचरी का प्रबंधन व संचालन लाभार्थी अपने खर्च पर करेगा।
सहायता का ब्यौरा	(इकाई लागत= रू० 25,00,000/- प्रति इकाई) सामान्य जाति 40 % रू० 10, 00,000/- प्रति इकाई की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति इकाई की दर से रू० 15,00,000/- अधिकतम सीमा।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र।
वाँछित दस्तावेज	ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।, जाति प्रमाण पत्र बीपीएल प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	उप-निदेशक कुल्लू/सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी ।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	आदर्श मछुआरा आवास योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	राज्य के मछुआ वर्ग को पक्का घर उपलब्ध करवाने हेतु वित्तीय सहायता।
पात्रता	1. आवास इकाई का न्यूनतम पलींथ आकार 25 वर्ग मीटर होना चाहिए जिसमें शौचालय की भी सुविधा हो। 2. लाभार्थी सक्रिय मछुआरा होना चाहिए। 3. गरीबी रेखा से नीचे रह रहे मछुआरों को वरीयता दी जाएगी। 4. जिन लाभार्थीयों के पास कच्चा घर हों, उन्हें भी इस योजना में शामिल किया जा सकता है। 5. इस योजना के अंतर्गत सहायता केवल एक बार ही देय होगी। 6. एक क्लस्टर (गांव) में कम से कम 20 घर मछुआरों के होने चाहिए।
सहायता का ब्यौरा	(इकाई लागत = रू० 1,30,000) सभी वर्गों हेतु 100% सहायता।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र।
वाँछित दस्तावेज	ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र, आय प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	फीड मील निर्माण (ट्राउट व कार्प)

उद्देश्य एवम् विशेषता	मत्स्य पालन हेतु मत्स्य आहार उत्पादन।
पात्रता	1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।

2. राज्य के बेरोजगार युवा/ महिला जिनके पास ऋण मुक्त भूमि उपलब्ध हो।
3. परन्तु यदि कोई लाभ्रथी फीड मिल निर्माण हेतु नई भूमि क्रय करना चाहता है तो उस पर हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार केवल 3% स्टाम्प ड्यूटी ही देय होगी।
4. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।
5. परियोजना रिपोर्ट केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी।
6. फीड मील योग्य तकनीकी एवम् कुशल स्टाफ द्वारा प्रबंधित होनी चाहिये।
7. लाभार्थी अन्य मत्स्य पालको को मत्स्य आहार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
8. निर्माण उपरांत फीड मील का प्रबंधन व संचालन लाभार्थी अपने खर्च पर करेगा।

सहायता का ब्यौरा

(इकाई लागत=10,00,000/-रु० प्रति इकाई) सामान्य जाति 50% रू० 5,00,000/- प्रति इकाई की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति इकाई की दर से रू० 6,00,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। परतु यदि कोई लाभ्रथी फीडमिल निर्माण हेतु नई भूमि क्रय करना चाहता है तो उस पर हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार केवल 3% स्टेम्प ड्यूटी ही देय होगी। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज

ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।, जाति प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	रिटेल फिश आउटलेट

उद्देश्य एवम् विशेषता

मछली विक्रय आउटलेट के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता।

पात्रता

1. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेजों के प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। पट्टे पर ली गई भूमि मालिक भी वित्तीय सहायता हेतु पात्र है पट्टे की अवधि न्यूनतम 10 वर्ष के लिए होनी अनिवार्य है।
2. लाभार्थी को ऋण मुक्त भूमि के सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
3. भूमि हेतु कोई भी वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।
4. परियोजना प्रस्ताव केवल मात्स्यिकी विभाग हिमाचल प्रदेश की सिफारिश पर ही स्वीकार्य होगी।
5. फिश आउटलेट का न्यूनतम आकर 100 वर्ग फीट होना चाहिए।
6. अनु० जाति/अनु०जनजाति/महिलाओं व बेरोजगार युवाओं को वरीयता दी जाएगी।

सहायता का ब्यौरा

(इकाई लागत=10,00,000/-रु० प्रति इकाई) सामान्य जाति 40% रू० 4,00,000/- प्रति इकाई की उच्चतम सीमा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और उनकी सहकारी सभाओं के लिए 60% प्रति इकाई की दर से रू० 6,00,000/- अधिकतम सीमा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज

ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।, जाति प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

उप-निदेशक कुल्लू/सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी ।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	गिल जाल आबंटन

उद्देश्य एवम् विशेषता सभी सक्रिय जलाशय मछुआरो को मछली पकड़ने के जाल आबंटित करना।

पात्रता लाभार्थी सहकारी सभा का सदस्य होना आवश्यक है।

सहायता का ब्यौरा इकाई लागत = 10,000/- सामान्य जाति= 25%(2,500/-) अनुसूचित जाति/जनजाति= 50% (5,000/)।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र।

वाँछित दस्तावेज जाति प्रमाण पत्र, सहकारी सभा की सदस्यता, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आवेदन पत्र फॉर्म 'क'।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	रिस्क फण्ड योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता जलाशय के मछुआरों को बाढ़ इत्यादि अन्य प्राकृतिक आपदाओं से उनके मछली पकडने के उपकरणों को हुए नुकसान की आंशिक सहायता।

पात्रता

1. लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिये।
2. लाभार्थी किसी कार्यशील मत्स्य सहकारी सभा/फेडरेशन/पंजीकृत इकाई का सदस्य होना चाहिये। मछुआरे द्वारा रिस्क फण्ड में वार्षिक 20/- रू० का योगदान अनिवार्य है।

सहायता का ब्यौरा सभी क्षतिग्रस्त उपकरणों की लागत पर अधिकतम 50% (अधिकतम लागत सीमा- बोट 20,000/- रू०, जाल 2,000/- रू0, टेंट 5000/- रू० व तरपाल 2,000/- रू०)

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। साधारण कागज पर क्षति होने की सूचना ।

वाँछित दस्तावेज आवेदन पत्र, पटवारी/तहसीलदार की मौसम रिपोर्ट, मत्स्य अधिकारी की मौके पर क्षति रिपोर्ट, मत्स्य सहकारी सभा की रिपोर्ट प्रधान से सत्यापित होनी चाहिए दावे का आवेदन क्षति के 3 दिन के भीतर करना अनिवार्य है।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।

जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	अनुसूचित जाति बाहुल्य गाँव में सामुदायिक तालाब निर्माण/ पुनरुधार

उद्देश्य एवम् विशेषता अनुसूचित जाति वर्ग को मत्स्य पालन से रोजगार प्रदान करना। सामुदायिक तालाब को अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को पंचायत द्वारा पट्टे पर दिया जाता है।

पात्रता केवल अनुसूचित जाति बहुल्य गाँव/ पंचायत के लिए।

सहायता का ब्यौरा 100% (रू० 1,00,000/-)।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? सम्बधित पंचायत को कोरे कागज पर क्षेत्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र देना होगा। पंचायत प्रस्ताव, भूमि का नकल ततीमा।

वाँछित दस्तावेज पंचायत द्वारा प्रस्ताव, भूमि सम्बन्धित दस्तावेज़, लाभार्थियों के बैंक खातों का विवरण, अनुमान पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	उप-निदेशक कुल्लू/सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	प्रशिक्षण शिविर- अनुसूचित जाति वर्ग के लिए

उद्देश्य एवम् विशेषता	अनुसूचित जाति वर्ग को मत्स्य पालन में स्वरोजगार हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर।
पात्रता	केवल अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए।
सहायता का ब्यौरा	100%
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन कोरे कागज पर मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है और प्रशिक्षण शिविर की जानकारी विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in पर एक माह पूर्व फ्लेश की जाएगी।
वाँछित दस्तावेज	प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र विषय सहित, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	उप-निदेशक कुल्लू/सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/ वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी ।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मत्स्य पालन तालाब निर्माण जन जाति वर्ग के लिए

उद्देश्य एवम् विशेषता	हिमाचल प्रदेश में जन जातीय क्षेत्रों से बाहर रहने वाले जन जातीय वर्ग के लिए मत्स्य पालन तालाब निर्माण सहायता।
पात्रता	केवल जन जाति जातीय वर्ग के व्यक्तियों के लिए।
सहायता का ब्यौरा	न्यूनतम 500 वर्ग मीटर के तालाब हेतु रू० 25,500/- की वित्तीय सहायता (प्रथम वर्षीय आदानों सहित)।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन की प्रति मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और विभाग की वेबसाइट hpfisheries.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। विभाग के साथ अनुबंध पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र।
वाँछित दस्तावेज	जन जातीय प्रमाण पत्र, ऋण मुक्त भूमि के दस्तावेज़, पहचान पत्र पते सहित, मोबाइल नंबर, आधार से जुड़ा हुआ बैंक खाता विवरण, पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रति हस्ताक्षर वाला आवेदन पत्र, विभाग के साथ अनुबंध पत्र, लाभार्थी द्वारा शपथ पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिलों के सहायक निदेशक मत्स्य/वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी/मत्स्य अधिकारी।
जेंडर	दोनों

V- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना।

उद्देश्य एवम् विशेषता	महिला सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण, धुंआ रहित ईंधन
पात्रता	ऐसा हिमाचली परिवार (किसी भी श्रेणी का) जिसके पास अपना या किसी भी सरकारी योजना के तहत घरेलू गैस कनेक्शन नहीं है व प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवार।
सहायता का ब्यौरा	गैस कनेक्शन का सम्पूर्ण खर्च (रूपए 3500/-)।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पात्र परिवार को आवेदन पत्र भरकर सम्बंधित सचिव, ग्राम पंचायत, आयुक्त/कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, सचिव/कार्यकारी अधिकारी, नगर समिति/परिषद्, सचिव/कार्यकारी अधिकारी, अधसूचित क्षेत्र परिषद्/नगर पंचायत, सचिव, केंटोनमेंट बोर्ड को देना होगा। आवेदन की प्रति विभाग के पोर्टल (epds.co.in and food.hp.nic.in) के फॉर्म सेंटर से डाउनलोड की जा सकती है।
वाँछित दस्तावेज	आधार संख्या, डिजिटल राशन कार्ड संख्या, बैंक खाता संख्या इत्यादि संबधी सूचना निर्धारित प्रपत्र पर देनी होगी ।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	पात्र परिवार को आवेदन पत्र भरकर सम्बंधित सचिव, ग्राम पंचायत, आयुक्त/कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, सचिव/कार्यकारी अधिकारी, नगर समिति/परिषद्, सचिव/कार्यकारी अधिकारी, अधसूचित क्षेत्र परिषद्/नगर पंचायत, सचिव, केंटोनमेंट बोर्ड को देना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन0एफ0एस0ए0)

उद्देश्य एवम् विशेषता

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना (अनुदानित दरों पर चावल तथा गेंहू उपलब्ध करवाना)।

पात्रता

अ) निम्न श्रेणी के व्यक्ति पात्र गृहस्थियों की सूची में स्वतः सम्मिलित होगें:
1. ग्राम सभा द्वारा चयनित अन्त्योदय अन्न योजना सूची के अनुसार समस्त लाभार्थी परिवार।
2. ग्राम सभा की बैठक में चयनित समस्त बी0पी0एल0 व अतिरिक्त बी0पी0एल0 परिवार।
3. ऐसे परिवार जिन्हें वृद्धावस्था पैंशन, विकंलाग पैशन, कोढ़ी की पैंशन इत्यादि कोई भी पैंशन समाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग से मिल रही हो।
4. अन्नपूर्णा योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थी।
5. सभी तिब्बतियन परिवार जिन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राशन कार्ड जारी किए गए है। "यदि एक गृहस्थी का नाम एक से अधिक लाभार्थी श्रेणियों में सम्मिलित हुआ हो तो लाभार्थी परिवार केवल एक ही श्रेणी के अन्तर्गत लाभ का पात्र होगा।"

बी) लाभार्थियों को सम्मिलित व निष्कासित करने के मापदण्ड- भाग अ में विनिर्दिष्ट मानदण्डों के अनुरूप यदि लक्षित लाभार्थी गृहस्थियों की संख्या का चयन स्वतः चयन से पूर्ण नहीं हो पाया है, तो शेष लाभार्थी गृहस्थियों का चयन निम्न मानदण्डों के अनुसार किया जाएगा-

क) सम्मिलित करने के मानदण्ड- ग्राम पंचायतों/स्थानीय निकायों में चयन प्रक्रिया हेतु निम्न गृहस्थियां वरीयता के आधार पर पात्र होंगी:
1. एकल नारी।
2. आश्रमों में रह रहे अनाथ एवं परित्यक्त बच्चे।
3. गृहस्थियां (परिवार), जिनकी मुखिया विधवा हो।
4. गृहस्थियां (परिवार) जिनका कोई सदस्य 60 प्रतिशत (चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाणित) से अधिक की अपंगता वाला हो।
5. ऐसी गृहस्थियां (परिवार) जिनके मुखिया को कोई अन्तकारक रोग हो।
6. ऐसी गृहस्थियां (परिवार) जिनका मुखिया 60 वर्ष या अधिक आयु का हो, अथवा जिनके पास आजिविका का कोई साधन न हो।
7. ऐसी गृहस्थियां (परिवार), जिनके मुखिया (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत श्रमिक के रूप में पंजीकृत हो।
8. ऐसी गृहस्थियां (परिवार) जिन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत 50 कार्यदिवस पूर्ण कर लिए हो।
9. ऐसा व्यक्ति जो कैंसर, एच.आई.वी. से पीड़ित हो।
10. युद्ध में शहीद की विधवा व स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने वालों के परिवार।
11. बाल आश्रमों व नारी निकेतनों, तिब्बतियन स्कूलों में रह रहे बच्चे व औरतें।

ख) सूची से निष्कासित करने के मानदण्ड- निम्न गृहथियों (परिवारों) को पात्र परिवारों की सूची में नहीं लिया जाएगा:

1. सभी गृहस्थियां जिनका कोई सदस्य किसी भी राज्य या केन्द्र सरकार, निगमों, बोर्ड, स्वायत निकायों, भारत सरकार के उपक्रम एवं स्थानिय निकायों, बैंक में नियमित या सर्विदात्मक आधार पर कार्यरत हो को सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
2. सभी आयकर दाता परिवारों को सूची से बाहर रखा जाएगा।
3. ऐसे परिवार जिनका कोई भी सदस्य पंजीकृत ठेकेदार हो, को सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
4. ऐसे परिवार जिनका कोई भी सदस्य राज्य या केन्द्र सरकार, बोर्ड, निगमों, स्वायत निकायों, भारत सरकार के उपक्रम एवं स्थानीय निकायों से पैंशन प्राप्त कर रहा हो, को सम्मिलित नहीं किया जाएगा। "यदि कोई परिवार सम्मिलित एवं निष्कासित किए जाने वाले दोनों मानदण्डों के अन्तर्गत आता है तो ऐसी स्थिति में निष्कासित किए जाने वाले मानदण्ड ही प्रभावी होगें और उसको प्राथमिक गृहस्थियों की सूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।"

सहायता का ब्यौरा

<u>अन्त्योदय परिवार</u> (1) गन्दम 20 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह रूपये 2/- प्रति किलोग्राम की दर से। (2) चावल 15 किलोग्राम प्रति परिवार प्रति माह रूपये 3/- प्रति किलोग्राम की दर से।
<u>प्राथमिक गृहस्थियां</u>- (1) गन्दम 3 किलोग्राम प्रति लाभार्थी प्रति माह रूपये 2/- प्रति किलोग्राम की दर से। (2) चावल 2 किलोग्राम प्रति लाभार्थी प्रति माह रूपये 3/- प्रति किलोग्राम की दर से।

<u>नोटः</u>

1. ***इसके अतिरिक्त ऐसे बी0पी0एल0 परिवार (6 सदस्यों तक), जिन्हे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से पहले 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्राप्त हो रहे थे, को भी पूर्व की तरह 35 किलोग्राम खाद्यान्न पूरा करने हेतु एन0एफ0एस0ए0 पात्रता के अतिरिक्त बी0पी0एल0 दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे है।***
2. ***एक से तीन सदस्य तक के प्राथमिक गृहस्थियों के राशन कार्ड धारकों को 5 किलोग्राम खाद्यान्न उनकी एन0एफ0एस0ए0 पात्रता के अतिरिक्त ए0पी0एल0 दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे है।***

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

लाभार्थियों का चयन ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पचांयतों एवं शहरी क्षेत्रों में नगर निगम/नगर समिति/नगर पंचायत द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन0एफ0एस0ए0) के अन्तर्गत लाभार्थियों के चयन हेतु जारी अधिसूचना में निहित प्रावधानानुसार किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में इच्छुक व्यक्ति को ग्राम पंचायत की ग्राम सभा व शहरी निकायों की बैठकों में ही आवेदन करना होगा।

वाँछित दस्तावेज

पात्रता निर्धारित चयन दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों तथा शहरी निकायों द्वारा निर्धारित की जाएगी तथा चयन उपरान्त राशन कार्ड प्राप्त करने हेतु राशन कार्ड फार्म, आधार संख्या व रिहायश प्रमाण पत्र सहित भरकर सम्बन्धित कार्यालय में जमा करवाने होंगें।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पचांयतों व शहरी क्षेत्रों में शहरी निकायों में आवेदन करना होगा। इसके उपरान्त सम्बन्धित द्वारा लाभार्थी को राशन कार्ड जारी कर दिया जाएगा तथा लाभार्थी को यह राशन कार्ड अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान में दर्ज करना होगा।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन0एफ0एस0ए0) के अलावा अर्थात ए0पी0एल0 परिवार

उद्देश्य एवम् विशेषता

प्रदेश के ए0पी0एल0 परिवारों को अनुदानित दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाना।

पात्रता

ऐसे नागरिक जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत चयनित नहीं किए गए हो (समस्त राशन कार्ड धारक)।

सहायता का ब्यौरा

- प्रदेश के ए0पी0एल0 उपभोक्ताओं को निम्नलिखित अनुसार खाद्यान्न उपलब्ध करवाए जा रहे है-
- जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले ए0पी0एल0 उपभोक्ता- 15 किलोग्राम चावल प्रति परिवार 10 रूपये प्रति किलोग्राम प्रति माह। 20 किलोग्राम गन्दम / आटा प्रति परिवार 7.60 रूपये / 8.60 रूपये प्रति किलोग्राम प्रति माह।
- गैर-जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले ए0पी0एल0 उपभोक्ता- 5 से 7 किलोग्राम चावल प्रति परिवार 10 रूपये प्रति किलोग्राम प्रति माह। 11 से 13 किलोग्राम आटा प्रति परिवार 8.60 रूपये प्रति किलोग्राम प्रति माह।

नोटः गैर जनजातीय क्षेत्रों के ए0पी0एल0 उपभोक्ताओं को मिलने वाले चावल व गन्दम आटे की मात्रा में प्रति माह उपलब्धता व बी0पी0एल0 एवं पी0एच0एच0 श्रेणियों को उनकी एन0एफ0एस0ए0 पात्रता के अतिरिक्त मिलने वाले राशन के मद्देनजर परिवर्तन होता रहता है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

उपरोक्त सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु राशन कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों तथा शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले द्वारा बनवाए जाते हैं। राशन कार्ड आवेदन पत्र, जोकि विभागीय वैबसाईट epds.co.in तथा http://admis.hp.nic.in/ehimapurti पर भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले तथा निदेशालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले शिमला-9 में स्थापित काल सैंटर के टोल फ्री नम्बर-1967 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

वाँछित दस्तावेज

राशन कार्ड फार्म, आधार संख्या व रिहायश प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

उपरोक्त सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु राशन कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों तथा शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले द्वारा बनवाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त इस सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु निदेशालय, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, शिमला-9 व सम्बन्धित जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले से सम्पर्क किया जा सकता है।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	हिमाचल प्रदेश राज्य विशेष अनुदानित योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

समस्त राशन कार्ड धारकों को मंहगांई से राहत पहुँचाना तथा सस्ती दरों पर दाल, तेल, नमक तथा चीनी उपलब्ध करवाना।

पात्रता

समस्त राशन कार्ड धारक।

सहायता का ब्यौरा

राज्य सरकार अनुदानित योजना में सभी उपभोक्ताओं को 4 दालों में 3 दाले चुनने का विकल्प तथा साथ ही एक अतिरिक्त दाल, (दाल चना) भी उपलब्ध करवाई जा रही है। वर्तमान में उपलब्ध करवाई जा रही आवश्यक वस्तुओं का ब्यौरा निम्नलिखित प्रकार से हैः-

1. दाल चना 35.00 प्रतिकि0ग्रा0
2. उड़द साबुत 35.00 प्रति कि0ग्रा0
3. मलका35.00 प्रति कि0ग्रा0 4. मूंग साबुत 35.00 प्रति कि0ग्रा0।

इसी प्रकार 1 और 2 सदस्यों वाले परिवारों के लिए एक लीटर खाद्य तेल प्रति माह प्रति राशन कार्ड के हिसाब से और तीन या अधिक सदस्यों वाले परिवारों को प्रति माह दो लीटर के हिसाब से उपलब्ध करवाया जा रहा है। खाद्य तेल के अन्तर्गत सरसों का तेल मू075.00 प्रति/लीटर और रिफाइंड तेल मू0 70.00 प्रति/लीटर है। नमक 4.00 प्रति किलो0ग्रा0 प्रति माह प्रति परिवार उपलब्ध करवाया जा रहा है। उपरोक्त के अलावा जून, 2017 से अनुदानित चीनी

	को भी इस योजना में शामिल किया गया है। सभी राशनकार्ड धारकों को अनुदानित चीनी को निम्न दरों के अनुसार वितरित किया जा रहा है एपीएल राशन कार्ड धारकों को 24.00 रूपये प्रति कि0ग्रा0 मूल्य पर प्रति व्यक्ति 500 ग्रा0 तथा एनएफएसए राशन कार्ड धारकों को 13.00 रूपये प्रति कि0ग्रा0 प्रति व्यक्ति 500 ग्राम चीनी प्रति माह उपलब्ध करवाई जा रही है।अन्त्योदय श्रेणी के अन्तगत एक सदस्य वाले कार्ड धारक को 1 किलो ग्राम चीनी उपलब्ध करवाई जा रही है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	उपभोक्ताओं को राशन कार्ड के लिए ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन करना होगा तथा शहरी क्षेत्र में निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कार्यालय में आवेदन करना होगा। इसके अतिरिक्त विभागीय योजनाओ की जानकारी विभागीय वैबसाईट http://admis.hp.nic.in/ehimapurti तथा epds.co.in से भी प्राप्त की जा सकती है, साथ ही उपभोक्तओं की समस्याओं व शिकायतों के निपटारे हेतु निदेशालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शिमला -9 में स्थापित टोल फ्री न0 1967 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
वाँछित दस्तावेज	राशन कार्ड फार्म,स्थाई पते तथा आधार संख्या सहित भरकर सम्बन्धित को देना होगा
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	ग्रामीण क्षेत्रों में सचिव ग्राम पंचायत के कार्यालय तथा शहरी क्षेत्र में निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कार्यालय में आवेदन जमा किये जाते है।
जेंडर	दोनों

VI- उच्च शिक्षा विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	डा0 अम्बेदकर मेधावी छात्रवृतिः अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गो के मेधावी छात्र छात्राओं के लिए योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति ग्यारहवीं कक्षा के अलग-अलग 1250 अनुसूचित जाति तथा 1000 अन्य पिछड़े वर्गों के ऐसे मेधावी छात्र/छात्राओं को दी जाती है, जो हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी हों और हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, द्वारा संचालित 10वीं कक्षा की परीक्षा में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष के 1000 स्थान प्राप्त करते हैं, तथा राज्य में या राज्य से बाहर किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेते हैं (इसमें व्यवसायिक या तकनीकि शिक्षा संस्थान भी सम्मिलित हैं)। बाहरवीं कक्षा में इस छात्रवृति का नवीनीकरण ग्यारहवीं कक्षा/पाठ्यक्रम के पिछले वर्ष के आन्तरिक परीक्षा में संतोषजनक परिणाम पर निर्भर करेगा।
सहायता का ब्यौरा	यह छात्रवृति ₹12000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से अनुसूचित जाति के मेधावी छात्राओं को दी जाती है। यह छात्रवृति ₹10000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से अन्य पिछड़े वर्गो को दी जाती है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।
वाँछित दस्तावेज	1. पासपोर्ट आकार फोटो। 2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0) 3. हिमाचली प्रमाण पत्र।

4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. एस0 सी0/ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्च / उच्च शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	स्वामी विवेकानन्द छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति सामान्य वर्ग के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति ग्यारहवीं कक्षा के 2000 सामान्य वर्ग के ऐसे मेधावी छात्र/छात्राओं को दी जाती है, जो हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी हों और हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, द्वारा संचालित 10वीं कक्षा की परीक्षा में सामान्य वर्ग में शीर्ष के 2000 स्थान प्राप्त करते हैं, तथा राज्य में या राज्य से बाहर किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेते हैं (इसमें व्यवसायिक या तकनीकी शिक्षा संस्थान भी सम्मिलित हैं)। बाहरवीं कक्षा में इस छात्रवृति का नवीनीकरण ग्यारहवीं कक्षा/पाठ्यक्रम के पिछले वर्ष के आन्तरिक परीक्षा में संतोषजनक परिणाम पर निर्भर करेगा।
सहायता का ब्यौरा	यह छात्रवृति ₹10000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से दी जाती है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।
वाँछित दस्तावेज	1. पासपोर्ट आकार फोटो। 2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)। 3. हिमाचली प्रमाण पत्र। 4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड। 5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा। 6. सामान्य श्रेणी प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हैं कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	ठाकुर सेन नेगी उत्कृष्ट छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता
यह छात्रवृति अनुसूचित जन-जाति के मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है।

पात्रता
यह छात्रवृति ग्यारहवीं कक्षा के अनुसूचित जन-जाति के 200 ऐसे मेधावी छात्र/छात्राओं को दी जाती है (100 छात्र तथा 100 छात्राएं), जो हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी हों और हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, द्वारा संचालित 10वीं कक्षा की परीक्षा में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष के 100 स्थान प्राप्त करते हैं, तथा राज्य में या राज्य से बाहर किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेते हैं (इसमें व्यवसायिक या तकनीकि शिक्षा संस्थान भी सम्मिलित हैं)। बाहरवीं कक्षा में इस छात्रवृति का नवीनीकरण ग्यारहवीं कक्षा/पाठ्यक्रम के पिछले वर्ष के आन्तरिक परीक्षा में संतोषजनक परिणाम पर निर्भर करेगा।

सहायता का ब्यौरा
यह छात्रवृति ₹11000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से दी जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?
इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

वाँछित दस्तावेज
1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. एस0टी0 श्रेणी प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हैं कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी
सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर
दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	महर्षि वाल्मीकि छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता
यह छात्रवृति अस्वच्छ व्यवसाय मे लगे बाल्मीकि परिवारों से सम्बन्ध रखने वाली स्थाई हिमाचली छात्राओं को अध्ययन करने के लिए दी जाती है।

पात्रता
यह छात्रवृति अस्वच्छ व्यवसाय मे लगे बाल्मीकि परिवारों से सम्बन्ध रखने वाली स्थाई हिमाचली छात्राओं को मैट्रिक के बाद महाविद्यालय स्तर तक के अध्ययन तथा व्यवसायिक पाठयक्रमों मे अध्ययन करने के लिए दी जाती है, जो कि राज्य में स्थित किसी सरकारी या निजी विद्यालय/महाविद्यालय में अध्ययनरत हो।

सहायता का ब्यौरा
यह छात्रवृति ₹ 9000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से दी जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?
इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज
1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. माता-पिता का प्रमाण पत्र/अभिभावक जोकि अस्वच्छ व्यवसाय से सम्बद्ध हो (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी
सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर
दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	इन्दिरा गांधी उत्कृष्ठ छात्रवृति योजना +2 श्रेणी

उद्देश्य एवम् विशेषता — यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है, जिन्होंने बाहरवीं परीक्षा की मैरिट सूचि में प्रथम 10 स्थान (कला, विज्ञान एंव वाणिज्य क्षेत्र में) प्राप्त किये हो और जिन्होंने वार्षिक स्नातक परीक्षा की मैरिट सूचि में प्रथम 10 स्थान (कला, विज्ञान एंव वाणिज्य क्षेत्र में, अन्तिम परिणाम) प्राप्त किये हों।

पात्रता — यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी ऐसे छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है, जिन्होंने हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, द्वारा संचालित वार्षिक बाहरवीं परीक्षा की मैरिट सूचि में प्रथम 10 स्थान (प्रथम दस अव्वल प्रत्येक श्रेणी बारवीं कला, विज्ञान और वाणिज्य) छात्रों के लिए, प्राप्त किये हो और जिन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविधालय द्वारा सचांलित की गई वार्षिक स्नातक परीक्षा की मैरिट सूचि में प्रथम 10 स्थान (प्रथम दस अव्वल प्रत्येक श्रेणी बाहरवीं कला, विज्ञान और वाणिज्य) (छात्र-छात्राओं के लिए) प्राप्त किये हों और किसी शैक्षणिक/व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया हो। यह छात्रवृति बाहरवीं/स्नातक के पश्चात किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से शैक्षणिक/तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए देय होगी।

सहायता का ब्यौरा — यह छात्रवृति ₹10000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से दी जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	राष्ट्रीय इडियन मिलिट्री कालेज छात्रवृति योजना आर0आई0एम0सी0

उद्देश्य एवम् विशेषता — यह छात्रवृति सभी स्थाई हिमाचली निवासी केडेट/छात्रों को, जो कि राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कालेज (आर0आई0एम0सी0), देहरादून में अध्ययनरत हों, प्रदान की जाती है।

पात्रता — यह छात्रवृति दस स्थाई हिमाचली निवासी केडेट/छात्रों को आठवी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक दी जाती है, जो कि राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कालेज (आर0आई0एम0सी0), देहरादून में अध्ययनरत हों।

सहायता का ब्यौरा — यह छात्रवृति ₹20000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से दी जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र। 4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
4. छात्रों के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर — पुरुष

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	आई0आर0डी0पी0 छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — यह छात्रवृति आई0आर0डी0पी0/बी0पी0एल0 परिवारों से समबन्ध रखने वाले, हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है।

पात्रता

यह छात्रवृति आई0आर0डी0पी0/बी0पी0एल0 परिवारों से सम्बन्ध रखने वाले, हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी ऐसे छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है जो नौवीं से विश्वविद्यालय स्तर तक राज्य के किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय/अन्य शिक्षा संस्थान मे अध्ययन कर रहे हों।

सहायता का ब्यौरा

इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत 9वीं - 10वीं कक्षा के छात्र को ₹300/- रु0 प्रतिवर्ष एंव छात्रा को ₹600/- रु0 प्रतिवर्ष, तथा ग्यारहवीं एवं बाहरवीं कक्षा के छात्र को ₹800/- रु0 प्रतिवर्ष एंव छात्रा को ₹800/- रु0 प्रतिवर्ष दिया जाता है। महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर छात्र /छात्रा को ₹1200/- रु0 प्रतिवर्ष एंव छात्रावासी छात्र/छात्रा को ₹2400/- रु0 प्रतिवर्ष प्रदान किये जाते हैं।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकतेहैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा 6. आई0आर0डी0पी0/बी0पी0एल0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	सैनिक स्कूल छात्रवृति

उद्देश्य एवम् विशेषता

यह छात्रवृति केवल सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा, हमीरपुर, में अध्ययनरत, हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी विद्यार्थियों को देय है।

पात्रता

यह छात्रवृति केवल सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा, हमीरपुर, में अध्ययनरत, हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी विद्यार्थियों को देय है। पात्र छात्र/छात्राओं का चयन सम्बन्धित पाठशाला के प्रधानाचार्य द्वारा योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाता है। यह छात्रवृति छठी कक्षा से जमा दो कक्षा तक प्रदान की जाती है।

सहायता का ब्यौरा

जिन माता-पिता की आय का स्तर ₹9220/- प्रतिमाह तक का हो, उन्हें ₹18000/- रु0 प्रतिवर्ष की दर से, जिनका ₹9221/- से ₹10650/- प्रतिमाह तक का हो, उन्हें ₹15000/- रु0 प्रतिवर्ष की दर से, जिनका ₹10651/- से ₹11470/- प्रतिमाह तक का हो, उन्हें ₹12000/- रु0 प्रतिवर्ष की दर से, एंव जिन माता-पिता की आय का स्तर ₹11471/- प्रतिमाह से अधिक हो, उन्हें ₹8000/- रु0 प्रतिवर्ष की दर से दिया जाता है। आहार शुल्क 10 रुपये प्रति केडेट 295 दिनों के लिए तथा वस्त्र भत्ता 1500/- रुपये वार्षिक प्रथम वर्ष के लिए और 750 रुपये वार्षिक आगामी वर्षो के लिए प्रदान किया जाता हैं।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	कल्पना चावला छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष बाहरवीं की 2000 मेधावी छात्राओं को योग्यता के आधार पर ग्रुप वाईज, सांईस, कला और वाणिज्य संकाय के उत्तीर्ण मैरिट सूचि के आधार पर प्रदान की जाती है।

पात्रता — यह छात्रवृति योजना राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012-13 से लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष बाहरवीं की 2000 मेधावी छात्राओं को योग्यता के आधार पर ग्रुप वाईज, सांईस, कला और वाणिज्य संकाय के उतीर्ण अनुपातानुसार, हि. प्र. स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला, कांगड़ा, द्वारा जारी की गई मैरिट सूचि के आधार पर प्रति वर्ष प्रदान की जाती है।

सहायता का ब्यौरा — यह छात्रवृति ₹15000/- रु0 प्रति वर्ष की दर से दी जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — इस छात्रवृति योजना के लिए छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर — महिला

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मुख्य मन्त्री प्रोत्साहन योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — इस प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश के स्थाई छात्र/छात्राओं को जिनका चयन एवं दाखिला भारतीय तकनीकी संस्थानों (आई.आई.टी.) या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (ए.आई.आई.एम.एस.) या भारतीय प्रबन्धन संस्थानों (आई.आई.एम.) में मैट्रीकोतर स्नातक डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए किया गया हो। झारखंड के धनबाद में स्थित प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आई.एस.एम.) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आई.आई.एस.सी.), बेंगलूर, कर्नाटक को भी वर्ष 2014-2015 से उक्त प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

पात्रता — यह प्रोत्साहन योजना राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012-13 से लागू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश के स्थाई छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन राशि एक बार दी जाती है, जिनका चयन एवं दाखिला भारतीय तकनीकी संस्थानों (आई.आई.टी.) या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (ए.आई.आई.एम.एस.) या भारतीय प्रबन्धन संस्थानों (आई.आई.एम.) में मैट्रीकोतर स्नातक डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए किया गया हो। झारखंड के धनबाद में स्थित प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आई.एस.एम.) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आई.आई.एस.सी.), बेंगलूर, कर्नाटक को भी वर्ष 2014-2015 से उक्त प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया है।

सहायता का ब्यौरा — इस प्रोत्साहन योजना में ₹75000/- रु0 की प्रोत्साहन राशि एक बार दी जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राऐं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा के बाद पिछले वर्ष के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. आई.आई.टी., आई.आई.एम., ए.आई.आई.एम.एस., आई.आई.एम, और आई.आई.एस.सी. संस्थानों में चयन का प्रमाण पत्र। (संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति। **जेंडर** दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	मुख्य मन्त्री ज्ञानदीप योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

मुख्य मन्त्री ज्ञानदीप योजना हिमाचल प्रदेश के सभी स्थाई छात्र- छात्राओं के लिए आरम्भ की गई है जिसमें की राज्य के सभी छात्र-छात्राएं मान्यता प्राप्त संस्थानों से व्यावसायिक तकनीकी पाठ्यक्रम और उच्चतर शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसी भी बैंक से शिक्षण ऋण ले सकते हैं।

पात्रता

राज्य सरकार द्वारा मुख्य मन्त्री ज्ञानदीप योजना हिमाचल प्रदेश के सभी स्थाई छात्र-छात्राओं के लिए आरम्भ की गई है जिसमें की राज्य के सभी छात्र -छात्राएं मान्यता प्राप्त संस्थानों से व्यावसायिक तकनीकी पाठ्यक्रम और उच्चतर शिक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसी भी बैंक से शिक्षण ऋण ले सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य हिमाचल के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए वितिय सहायता प्रदान करना है। हिमाचल के सभी छात्र- छात्राएं इस योजना का सीधे रुप से किसी भी बैंक से लाभ उठा सकते हैं।

सहायता का ब्यौरा

इस योजना के अन्तर्गत् छात्र-छात्राऐं उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिकतम् राशि मु0 10.00 (दस लाख रुपये) तक की राशि ले सकते हैं, जिसके लिए छात्र-छात्राओं को 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान पर दी जाएगी।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं यूको बैंक नोडल एजेन्सी/किसी भी बैंक के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

बैंक द्वारा वाँछित दस्तावेज।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

यूको बैंक नोडल एजेन्सी/ सम्बन्धित बैंक जिसके माध्यम से अभियार्थी ने ऋण के लिए आवेदन किया हो।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	विभिन्न युद्धों के दौरान मारे गए /अपंग हुए सशस्त्र सेना कार्मिकों के बच्चों के लिए छात्रवृति

उद्देश्य एवम् विशेषता

विभिन्न संक्रियाओं युद्धों के दौरान मारे गए/अंपग हुऐ सशस्त्र सेना कार्मिकों के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।

पात्रता

विभिन्न संक्रियाओं/युद्धों के दौरान मारे गए/अंपग हुए सशस्त्र सेना कार्मिकों के बच्चे इस छात्रवृति के पात्र हैं। ऐसे मामलों में जिन सैनिकों की अपंगता 50 प्रतिशत से कम होती है, उनके बच्चों को उक्त योजना के अन्तर्गत आधी छात्रवृति प्रदान की जाती है। छात्रवृति प्रदान करने हेतु पात्र विद्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन अपनी संस्था के मुख्याध्यापक/प्रधानाचार्य/विभागाध्यक्ष के माध्यम से करना होगा। संस्थान ऑनलाईन आवेदन सम्बन्धित जिला के सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रेषित करेगा। सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा पात्र छात्र/छात्राओं के प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर तथा छानबीन के उपरान्त शिक्षा निदेशालय को अग्रिम कार्यवाही हेतू प्रेषित किया जाएगा।

सहायता का ब्यौरा

इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत 9वीं - 10वीं कक्षा के छात्र को ₹300/- रु0 प्रतिवर्ष एंव छात्रा को ₹600/- रु0 प्रतिवर्ष, तथा ग्यारहवीं एवं बाहरवीं कक्षा के छात्र को ₹800/- रु0 प्रतिवर्ष एंव छात्रा को ₹800/- रु0 प्रतिवर्ष दिया जाता है। महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर छात्र/छात्रा को ₹1200/- रु0 प्रतिवर्ष एंव छात्रावासी छात्र/छात्रा को ₹2400/- रु0 प्रतिवर्ष प्रदान किये जाते हैं।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	एन0डी0ए0 छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

यह छात्रवृति राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन0डी0ए0), खडकवासला, पूना, में ट्रेनिंग ले रहे हिमाचल प्रदेश के छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है।

पात्रता

यह छात्रवृति राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन0डी0ए0), खडकवासला, पूना, में ट्रेनिंग ले रहे हिमाचल प्रदेश के छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाती है।

सहायता का ब्यौरा

इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत आय वर्ग को तीन स्तरों में बांटा गया है। प्रारम्भिक एकमुश्त वस्त्र अनुदान (प्रति कैडेट) निम्न स्तर में ₹3000/-रु0, मध्यम स्तर में ₹2250/-रु0 तथा उच्च स्तर में ₹1500/- रु0 प्रदान किये जाएंगे तथा प्रथम से तृतीय वर्ष के हर छमाही सत्र के लिए जेब खर्च भत्ता, निम्न स्तर में ₹1500/- रु0 प्रति सत्र, मध्यम स्तर में ₹1200/- रु0 प्रति सत्र तथा उच्च स्तर में ₹900/-रु0 प्रति सत्र प्रदान किये जाएंगे। कुल निम्न स्तर में ₹12000/- रु0, मध्यम स्तर में ₹9450/- रु0 तथा उच्च स्तर में ₹6900/- रु0 प्रदान किये जाएंगे।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट आकार फोटो।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा एंव उसके बाद के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा।
6. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	अनुसूचित जाति अनुसूचित जन-जाति की छात्राओं को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के लिए अनुदान योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

यह अनुदान राशि हिमाचल प्रदेश की स्थाई निवासी अनु0 जाति/अनु0 जन-जाति छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है। जिन्होंने 8वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर 9वीं कक्षा में प्रवेश लिया हो और उस वर्ष की 31 मार्च को 16 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो तथा अविवाहित हो।

पात्रता

यह अनुदान राशि हिमाचल प्रदेश की स्थाई निवासी अनु0 जाति/अनु0 जन-जाति की उन छात्राओं को देय है जिन्होंने 8वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर 9वीं कक्षा में प्रवेश लिया हो और उस वर्ष की 31 मार्च को 16 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो तथा अविवाहित हो। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से 8वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली किसी भी जाति/धर्म की छात्रा इस अनुदान की पात्र है।

सहायता का ब्यौरा

अनुदान की राशि ₹3000/- रु0 मियादी जमा खाते के रूप में होगी, जो कि छात्रा के 16 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर देय होगी बशर्ते उसने किसी उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 2 वर्ष तक नियमित शिक्षा प्राप्त की हो और 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0एस0पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. पिछली कक्षा के परिणाम कार्ड।
5. छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. एस0 सी0/एस0 टी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

7. के0जी0बी0वी0 द्वारा मिडल पास प्रमाण पत्र (यदि छात्रां सामान्य वर्ग से हो।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	महिला

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अनुसूचित जाति वर्ग के लिये पूर्व-मैट्रिक छात्रवृति योजना (कक्षा 9वीं एवं 10वीं)

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति योजना किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त संस्थान में 9वीं व 10वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति योजना किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त संस्थान में 9वीं व 10वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय है, जिनके माता-पिता/संरक्षक की वार्षिक आय ₹2.50 लाख से अधिक न हो। छात्रवृति का नवीनीकरण छात्र/छात्रा के अच्छे आचरण, नियमित उपस्थिति एवं 9वीं कक्षा उतीर्ण करने के पश्चात देय होगा।
सहायता का ब्यौरा	इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में 10 माह की छात्रवृति, दिवा छात्र/छात्रा को ₹225/- रु0 प्रतिमाह एंव पुस्तक एवं तदर्थ भत्ता ₹750/- रु0 प्रतिवर्ष तथा छात्रावासी छात्र/छात्रा को, ₹525/- रु0 प्रतिमाह एंव पुस्तक एवं तदर्थ भत्ता ₹1000/- रु0 प्रतिवर्ष दिया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
वाँछित दस्तावेज	1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र। 2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0) 3. हिमाचली प्रमाण पत्र। 4. पिछली कक्षा के परिणाम कार्ड। 5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा 6. एस0 सी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के दरजे का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।) 7. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अनुसूचित जन-जाति वर्ग के लिये पूर्व-मैट्रिक छात्रवृति योजना कक्षा 9वीं एवं 10वीं

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति योजना किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त संस्थान में 9वीं व 10वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जन-जाति के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति योजना किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त संस्थान में 9वीं व 10वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जन-जाति के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय है, जिनके माता-पिता/संरक्षक की वार्षिक आय ₹ 2.00 लाख से अधिक न हो। छात्रवृति का नवीनीकरण छात्र/छात्रा के अच्छे आचरण, नियमित उपस्थिति एवं 9वीं कक्षा उतीर्ण करने के पश्चात देय होगा।
सहायता का ब्यौरा	इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में 10 माह की छात्रवृति, दिवा छात्र/छात्रा को ₹150/- रु0 प्रतिमाह एंव पुस्तक एवं तदर्थ भत्ता ₹750/- रु0 प्रतिवर्ष तथा छात्रावासी छात्र/छात्रा को, ₹350/- रु0 प्रतिमाह एंव पुस्तक एवं तदर्थ भत्ता ₹1000/- रु0 प्रतिवर्ष दिया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. पिछली कक्षा के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. एस0टी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)
7. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये पूर्व-मेट्रिक छात्रवृति योजना कक्षा पहली से 10वीं

उद्देश्य एवम् विशेषता

यह छात्रवृति योजना किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त संस्थान में पहली से 10वीं कक्षा तक अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।

पात्रता

यह छात्रवृति योजना किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त संस्थान में पहली से 10वीं कक्षा तक अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय है, जिनके माता-पिता/संरक्षक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹2,50,000/- से अधिक न हो।

सहायता का ब्यौरा

इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, छात्र/छात्रा को पहली से 10वीं कक्षा तक ₹100/- रु0 प्रतिमाह की दर से, जोकि दिवा छात्र (डे स्कॉलर) हो तथा तीसरी से 10वीं कक्षा तक ₹500/- रु0 प्रतिमाह की दर से, जोकि छात्रावासी (होस्टलर) हो तथा इसके अतिरिक्त एक शैक्षिणिक वर्ष में 10 माह की छात्रवृति के साथ पहली से 10वीं कक्षा तक के लिए प्रतिवर्ष ₹500/- रु0 की तदर्थ राशि भी देय होगी।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र/छात्राओं को एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। कक्षा पहली से 8वीं तक उप शिक्षा निदेशक, विद्यालयों और खण्ड प्राथमिक शिक्षा अधिकारियों से बजट मांगे एकत्रित कर, अपने जिला की संकलित बजट मांग इस निदेशालय को स्पष्ट रूप में भिजवाएंगे।

वाँछित दस्तावेज

1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. पिछली कक्षा के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)
7. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अनुसूचित जाति वर्ग के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।

पात्रता

यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, अनुसूचित जाति के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय होगी, जो किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त/प्राईवेट संस्थान में अध्ययनरत हों तथा जिनके माता पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹250000/- से कम हो।

सहायता का ब्यौरा	सभी पाठ्यक्रमों के लिए पूरा निर्वाह भत्ता और पूरी फीस की अदायगी नियमानुसार की जाएगी। विभिन्न श्रेणी के देय दर अलग-अलग है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in)के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
वाँछित दस्तावेज	1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र। 2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0) 3. हिमाचली प्रमाण पत्र। 4. दसवीं कक्षा के बाद पिछले वर्ष के परिणाम कार्ड। 5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा 6. एस0 सी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के दरजे का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।) 7. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अनुसूचित जन-जाति वर्ग के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, अनुसूचित जन-जाति के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है जो किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त/प्राईवेट संस्थान में अध्ययनरत हों।
पात्रता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, अनुसूचित जन-जाति के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय होगी, जो किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त/प्राईवेट संस्थान में अध्ययनरत हों तथा जिनके माता पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹250000/- से कम हो।
सहायता का ब्यौरा	सभी पाठ्यक्रमों के लिए पूरा निर्वाह भत्ता और पूरी फीस की अदायगी नियमानुसार की जाएगी। विभिन्न श्रेणी के देय दर अलग-अलग है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
वाँछित दस्तावेज	1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र। 2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0) 3. हिमाचली प्रमाण पत्र। 4. दसवीं कक्षा के बाद पिछले वर्ष के परिणाम कार्ड। 5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा 6. एस0 टी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के दरजे का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।) 7. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता
यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है जो किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त संस्थान में अध्ययनरत हों।

पात्रता
यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे छात्र/छात्राओं को देय होगी, जो किसी सरकारी/सरकारी अनुदान प्राप्त संस्थान में अध्ययनरत हों तथा जिनके माता पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹1,50,000 से कम हो।

सहायता का ब्यौरा
सभी पाठयक्रमों के लिए पूरा निर्वाह भत्ता और पूरी फीस की अदायगी नियमानुसार की जाएगी। विभिन्न श्रेणी के देय दर अलग-अलग है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?
इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज
1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा के बाद पिछले वर्ष के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के दरजे का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)
7. माता-पिता /अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी
सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।

जेंडर
दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	अनुसूचित जाति अनुसूचित जन-जाति के छात्र छात्राओं को योग्यतास्तर बढ़ाने की योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता
इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत रा0व0मा0पा0 भरमौर, चम्बा, की 9वीं कक्षा में दाखिला लेने वाले, हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, 6 अनुसूचित जाति तथा एक अनुसूचित जन-जाति के विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।

पात्रता
इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत रा0व0मा0पा0 भरमौर, चम्बा, की 9वीं कक्षा में दाखिला लेने वाले, हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी, 6 अनुसूचित जाति तथा एक अनुसूचित जन-जाति से सम्बन्धित (कुल 7) विद्यार्थियों को आठवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम की वरीयता सूचि के आधार पर छात्रवृति की राशि प्रदान की जाती है। इस छात्रवृति की राशि कक्षा 9वीं से बाहरवीं तक देय होगी।

सहायता का ब्यौरा
इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, फीस एंव लेखन साम्रगी के लिए ₹2500/- रु0 प्रतिमाह, बोर्डिंग और लॉजिंक के लिए ₹700/-रु0 प्रतिमाह एंव पॉकेट भता से ₹200/- रु0 प्रतिमाह दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, इन छात्र/छात्राओं को पढ़ाने वाले अध्यापकों को ₹8000/- प्रति सत्र प्रति छात्र/छात्रा की दर से, मानदेय भी दिया जाएगा।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?
इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज
1. पासपोर्ट साईज छायाचित्र।
2. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0 न0)
3. हिमाचली प्रमाण पत्र।
4. दसवीं कक्षा के बाद पिछले वर्ष के परिणाम कार्ड।
5. छात्र-छात्राओं के वर्तमान बैंक खाता संख्या का ब्यौरा
6. एस0 सी0/एस0 टी0 प्रमाण पत्र (ऑफिसर द्वारा जारी किया गया हो, जोकि तहसीलदार से नीचे के पद का नहीं होना चाहिए) (डी0डी0एच0ई0/संस्थान के मुख्य को यह आदेश दिए जाते हे कि वे ऑनलाईन सत्यापन के दौरान दस्तावेजों को सख्ती से जाँच करें।)

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अल्पसंख्यक वर्ग के लिए मैरिट-कम-मीन्ज छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम - 38, सिक्ख - 20, ईसाई - 3, बौद्ध - 20, कुल़ = 81) के उन छात्र/छात्राओं को देय होगी, जिनके माता-पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹250000/- से अधिक न हो व पिछली उर्तीण की गई परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हों तथा छात्र/छात्रा मान्यता प्राप्त संस्थान से तकनीकी या व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हों।
सहायता का ब्यौरा	इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, एक शैक्षिणिक वर्ष में 10 माह का निर्वाह भता, दिवा छात्र/छात्रा को ₹5000/- रु0 प्रतिवर्ष (₹500/- रु0 प्रतिमाह) एंव कोर्स फीस ₹20000/- रु0 प्रतिवर्ष या जो वास्तविक से कम हो, कुल ₹25000/- रु0 प्रदान किया जाता है तथा छात्रावासी छात्र/छात्राओं को, ₹10000/- रु0 प्रतिवर्ष (₹1000/- रु0 प्रतिमाह) एंव कोर्स फीस ₹20000/- रु0 प्रतिवर्ष या जो यथार्थ से कम हो, कुल ₹30000/- रु0 प्रदान की जाती है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
वाँछित दस्तावेज	1. संस्थान द्वारा सत्यापित आवेदन (अनिवार्य) 2. परिवार की आय का घोषणा-पत्र (अनिवार्य) 3. विद्यार्थी का घोषणा-पत्र (अनिवार्य) 4. उतीर्ण की गई आखिरी परीक्षा की सत्यापित प्रमाण जोकि आवेदन पर भरी गई हो। (अनिवार्य) 5. 'वर्तमान कोर्स वर्ष' की फीस रसीद (अनिवार्य) 6. विद्यार्थी के नाम पर खाता संख्या का प्रमाण (अनिवार्य) 7. विज्ञापन में राज्य विभाग द्वारा मांगा गया आय का प्रमाण पत्र (यदि माता-पिता /अभिभावक नौकरी करते है तो प्रवर्तक का आय प्रमाण) (वैकल्पित) 8. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0)(वैकल्पित) 9. पते का प्रमाण (वैकल्पित)
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित संस्थान/उप-शिक्षा निदेशक उच्चतर/उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0 प्र0 शिमला-171001/राज्य नोडल अधिकारी छात्रवृति।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	अल्पसंख्यक वर्ग के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृति योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी अल्प संख्यक समुदाय छात्र/छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दी जाती है।
पात्रता	यह छात्रवृति हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी अल्प संख्यक समुदाय (मुस्लिम - 320, सिक्ख - 171, ईसाई - 27, बौद्ध - 168, जैन- 4, पारसी - 0, कुल़ = 690) के उन छात्र/छात्राओं को देय होगी, जिनके माता-पिता की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹200000/- से अधिक न हो व पिछली उर्तीण की गई परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हों। छात्र/छात्रा सरकारी/गैर सरकारी वरि0 मा0 पाठशाला/महाविद्यालय /विश्वविद्यालय/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से 11वीं से पी0 एच0 डी0 पाठ्यक्रम तक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या तकनीकी तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम, जो कि एन0सी0वी0टी0 से मान्यता प्राप्त हो, कर रहे हों।
सहायता का ब्यौरा	इस छात्रवृति योजना के अन्तर्गत, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए प्रवेश और शिक्षण फीस दिवा छात्र/छात्रा और छात्रावासी छात्र/छात्राओं को वास्तविक अधिकतम सीमा ₹7000/- रु0 प्रतिवर्ष, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश और पाठ्यक्रम शिक्षण शुल्क ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा का। कच्चे माल आदि के लिए फीस शुल्क शामिल है वास्तविक अधिकतम सीमा पर ₹10000/- रु0 प्रतिवर्ष, स्नातक स्नातकोत्तर के लिए प्रवेश और शिक्षण शुल्क। वास्तविक अधिकतम सीमा ₹3000/- रु0 प्रदान की जाती है। केवल एक अकादमिक वर्ष में 10 महीने के लिए रखरखाव भत्ता अध्ययन सामग्री आदि के लिए खर्च शामिल है जिसमें कक्षाएं और तकनीकी और व्यावसायिक सहित इस स्तर के पाठ्यक्रम में दिवा छात्र/छात्रां को ₹230/- रु0 प्रतिमाह और छात्रावासी छात्र/छात्राओं को, ₹380/-रु0, तकनीकी और पेशेवर के अलावा अन्य पाठ्यक्रम में को ₹300/- रु0 प्रतिमाह और छात्रावासी छात्र/छात्राओं को, ₹570/- रु0 एम फिल और पीएचडी उन शोधकर्ताओं के लिए जो नहीं हैं विश्वविद्यालय या किसी

अन्य प्राधिकारी द्वारा किसी भी फैलोशिप से सम्मानित स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम के लिए ₹550/- रु0 प्रतिमाह और छात्रावासी छात्र/छात्राओं को, ₹1200/- रु0 देय है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इस छात्रवृति योजना के लिए छात्र/छात्राएं एन0 एस0 पी0 पोर्टल (http://scholarships.gov.in) के माध्यम से समय सीमा के अन्दर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

1. संस्थान द्वारा सत्यापित आवेदन (अनिवार्य)
2. परिवार की आय का घोषणा-पत्र (अनिवार्य)
3. विद्यार्थी का घोषणा-पत्र (अनिवार्य)
4. उत्तीर्ण की गई आखरी परीक्षा की सत्यापित प्रमाण जोकि आवेदन पर भरी गई हो। (अनिवार्य)
5. 'वर्तमान कोर्स वर्ष' की फीस रसीद (अनिवार्य)
6. विद्यार्थी के नाम पर खाता संख्या का प्रमाण (अनिवार्य)
7. विज्ञापन में राज्य विभाग द्वारा मांगा गया आय का प्रमाण पत्र (यदि माता-पिता /अभिभावक नौकरी करते है तो प्रवर्तक का आय प्रमाण) (वैकल्पित)
8. आधार कार्ड (यू0आई0डी0/ई0आई0डी0)(वैकल्पित)
9. पते का प्रमाण (वैकल्पित))

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	प्रतिवर्ष ट्रायल के लिए स्थान व तिथि निर्धारित की जाती है जिसके लिए विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से तथा आकाशवाणी द्वारा सूचित किया जाता है। निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002. दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	खिलाडियों के लिए कल्याण निधि

उद्देश्य एवम् विशेषता	खिलाड़ी को प्रशिक्षण के दोरान तथा प्रतियोगिता के दोरान चोट/घातक चोट लगने पर सहायतानुदान ।
पात्रता	खिलाडियों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के दोरान चोट/घातक चोट लगने पर।
सहायता का ब्यौरा	चोट लगने पर Rs 10,000/- घातक चोट लगने पर Rs 25,000/- एक मुश्त
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	खिलाडी को प्रशिक्षण के दोरान तथा प्रतियोगिता के दोरान चोट/घातक चोट लगने पर सचिव,हिमाचल प्रदेश खिलाडियों के लिए कल्याण निधि, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 को निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर आवेदन करेगें। या विभाग की Website http:s//himachal.nic.in/yss से डाउनलोड की जा सकती है।
वाँछित दस्तावेज	जन्म तिथि प्रमाण पत्र तथा खेल प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सचिव, राज्य युवा बोर्ड और खेल परिषद्,V-क्रेग गार्डन,छोटा शिमला,हिमाचल प्रदेश शिमला-171002. दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	उत्कृष्ट खिलाडियों को सरकारी नौकरियों में 3 प्रतिशत आरक्षण

उद्देश्य एवम् विशेषता	बेरोजगार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों/ बोर्डो/ निगमों इत्यादि में 3% आरक्षण।
पात्रता	ओलिंपिक/ कॉमनवेल्थ खेलों/ एशियन खेलों/ सीनियर नेशनल/ अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता /जूनियर नेशनल/प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त होने पर।
सहायता का ब्यौरा	....

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन की प्रति निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। या विभाग की Website http:s//himachal.nic.in/yss से डाउनलोड की जा सकती है।
वाँछित दस्तावेज	शैक्षणिक योग्यता/व्यवसायिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, खेल उपलब्धियों के राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के मूल प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट फोटो तथा हिमाचली प्रमाण पत्र। खेल उपलब्धियों के प्रमाण पत्र सम्बन्धित खेल स्पर्धा के सचिव से प्रमाणित होने चाहिए।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	युवा स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत युवाओं को कंप्यूटर/ मोबाइल रिपेयर में प्रशिक्षण

उद्देश्य एवम् विशेषता	युवाओं में कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण देना।
पात्रता	1. प्रशिक्षण।र्थी की योग्यता कम से कम बारहवीं पास होना चाहिए। 2. प्रशिक्षण।र्थी की आयु 17 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 3. ग्रामीण क्षेत्र व गरीब युवाओं को प्राथमिकता दी जाती है। 4. प्रशिक्षण।र्थी के घर पर कोई भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं होना चाहिए।
सहायता का ब्यौरा	प्रत्येक जिले में चयनित युवाओं को प्रशिक्षण हेतु मानदेय धनराशी 12 माह के लिए दी जाती है। इसके अतिरिक्त किताबें, लेखन सामग्री, मास्टर ट्रेनर व परीक्षार्थी का पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क का खर्चा भी हि०प्र० राज्य युवा बोर्ड के द्वारा उठाया जाता है। एक प्रशिक्षण।र्थी पर लगभग 39,771/- रूपये का व्यय किया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	सम्बंधित जिला के जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी, हि०प्र० से आवेदन की प्रति प्राप्त की जा सकती है।
वाँछित दस्तावेज	1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र 2. आयु प्रमाण पत्र 3. बी० पी० एल० प्रमाण पत्र 4. बेरोजगारी प्रमाण पत्र
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिला के युवा सेवा एवं खेल अधिकारी, कार्यालय या निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	नोडल क्लब योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

सरकार/विभाग द्वारा चलाई जा रही विकासात्मक योजनाओं को गाँव – गाँव तक पहुँचाना

पात्रता

1. ब्लाक स्तर पर रखे गए यूथ वोलेंटीयर की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या इसके समकक्ष के पास होनी चाहिए।
2. जिला मुख्यालय पर रखे गए यूथ वोलेंटीयर स्नातक होना चाहिए तथा कंप्यूटर में दक्ष होना चाहिए। 30 शब्द प्रतिमिनट अंग्रेजी तथा 25 शब्द प्रतिमिनट हिंदी में स्पीड होनी चाहिए।
3. आवेदनकर्ता की उम्र 28 वर्ष से कम होनी चाहिए।
4. चयनित युवा किसी अस्थायी या अंशकाल सेवा में तथा नियमित छात्र नहीं होना चाहिए।

सहायता का ब्यौरा

78 विकास खण्डों में रखे गए स्वयं सेवियों का मानदेय प्रति माह के हिसाब से Rs. 3000/- की राशि व जिला मुख्यालय में रखे स्वयं सेवियों का प्रति माह मानदेय Rs. 6000/- की राशी पर रखे जाते हैं। इसके अतिरिक्त नोडल क्लबों को खेल सामान तथा वाद्य यन्त्र क्रय हेतु व विकास खण्डों में रखे गए स्वयं सेवियों का यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ते का खर्चा भी हि०प्र० राज्य युवा बोर्ड के द्वारा उठाया जाता है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

सम्बंधित जिला के जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी, हि० प्र० से आवेदन की प्रति प्राप्त की जा सकती है।

वाँछित दस्तावेज

1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र
2. आयु प्रमाण पत्र
3. बी० पी० एल० प्रमाण पत्र
4. बेरोजगारी प्रमाण पत्र

आवेदन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित जिला के युवा सेवा एवं खेल अधिकारी या निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	युवा मण्डलों/स्वयं सेवी संस्थाओं को सहायतानुदान

उद्देश्य एवम् विशेषता

प्रदेश में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु।

पात्रता

मण्डल या संस्था का पंजीकृत होना अनिवार्य है।

सहायता का ब्यौरा

अधिकतम 25000/- रुपए तक सहायतानुदान दिया जाता है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

सादे पेपर में पंजीकरण संख्या डाल कर या सम्बंधित संस्था के लैटर पैड पर भी आवेदन कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

पंजीकरण की प्रति या संख्या आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। यदि सम्बंधित संस्था पहले आर्थिक सहायता प्राप्त कर चुकी है तो उसके उपयोगिता प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न अनिवार्य हैं।

आवेदन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

सम्बन्धित जिला के युवा सेवा एवं खेल अधिकारी या निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	राज्य स्तरीय युवा उत्सव

उद्देश्य एवम् विशेषता	प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहर को युवाओं की भागीदारी के माध्यम से सुदृढ़ करना।
पात्रता	1. प्रतिभागी की उम्र 15 से 29 के बीच होनी चाहिए। क्लासिकल स्पर्धाओं में संगत देने वालों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। 2. प्रतिभागी लोकनृत्य व लोकगीत, हिमाचली भाषा, संस्कृति व वेश-भूषा का परिचायक हो। 3. एकांकी प्रतियोगिता में पुरुष व महिला पात्रों का अभिनय क्रमशः पुरुष व महिला कलाकार ही करेंगे। 4. तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।
सहायता का ब्यौरा	प्रतिभागी को यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता प्रदान किया जाता है व ठहराने का इंतज़ाम हि० प्र० राज्य युवा बोर्ड द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागी को नकद पुरुस्कार दिया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	प्रतिभागी के सम्बंधित जिला के ब्लाक स्तर से युवाओं का चयन राज्य स्तर पर किया जाता है तथा राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होता है अथवा युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी, कार्यालय में आवेदन की प्रति प्राप्त की जा सकती है।
वाँछित दस्तावेज	1. आयु प्रमाण पत्र। 2. आधार कार्ड।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिला के युवा सेवा एवं खेल अधिकारी, कार्यालय से या निदेशक, युवा सेवा एवं खेल, V-क्रेग गार्डन, छोटा शिमला, हिमाचल प्रदेश शिमला-171002 दूरभाष नंबर 0177-2622032 Email dir-yss-hp@nic.in
जेंडर	दोनों

XII- पशु पालन विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	"डेयरी उद्यमी विकास योजना"

उद्देश्य एवम् विशेषता	किसानों की आय में वृद्धि करना।
पात्रता	सभी वर्गों से सम्बन्धित पशु पालक।
सहायता का ब्यौरा	"डेयरी उद्यमी विकास योजना" के अन्तर्गत गाय खरीदने हेतु राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत (विदेशी व संकर नस्ल की गाय) और 20 प्रतिशत (देसी नस्ल की गाय) का अतिरिक्त अनुदान प्रदान किया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पशु पालक "डेयरी उद्यमी विकास योजना" के अन्तर्गत लोन के लिए किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में आवदेन कर सकते हैं। जिन आवेदकों को NABARD द्वारा तय दर पर उपदान स्वीकृत होगा, उन्ही को अतिरिक्त उपदान राज्य सरकार द्वारा पशु पालन विभाग के माध्यम से दिया जा रहा है।
वाँछित दस्तावेज	जिला उप निदशक(पशु स्वास्थ्य /प्रजनन) सम्बन्धित बैंकों से प्राप्त कर के निदेशालय पशु पालन विभाग में दें।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	कोई भी राष्ट्रीयकृत बैंक।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	गर्भित गाय/ भैंस के लिए अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत पशु आहार योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	(1) गाभिन गाय / भैंस को अंतिम त्रैमासिक में पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने बारे। (2) बयांत के पश्चात दूध देने की क्षमता में बढ़ौतरी। (3) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पशुपालकों की आय में वृद्धि।
पात्रता	अनुसूचित जाति के श्रेणियों के पशुपालक।
सहायता का ब्यौरा	गर्भित पशु के लिए गर्भकाल के लिए अंतिम त्रैमास में प्रतिदिन तीन किलो ग्राम पशु आहार 50% प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक पशुपालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर आवेदन दे सकता है।

वाँछित दस्तावेज	(1) अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र प्रेषित करना होगा। (2) 25 बीघा से कम जमींन।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	पशुपालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	गर्भित गाय/ भैंस के लिए सामान्य श्रेणी के बी०पी०एल० परिवारों के लिए पशु आहार योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	(1) गर्भित गाय / भैंस को अंतिम त्रैमासिक में पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने बारे। (2) बयांत के पश्चात दूध देने की क्षमता में बढ़ौतरी। (3) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पशुपालकों की आय में वृद्धि।
पात्रता	सामान्य श्रेणी के बी०पी०एल० परिवारों के पशुपालक।
सहायता का ब्यौरा	गर्भित पशु के लिए गर्भकाल के लिए अंतिम त्रैमास में प्रतिदिन तीन किलो ग्राम पशु आहार 50% प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक पशुपालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर आवेदन दे सकता है।
वाँछित दस्तावेज	1. बी०पी०एल० श्रेणी के प्रमाण पत्र प्रेषित करना होगा। 2. 25 बीघा से कम जमींन।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	पशुपालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	भेड़ पालकों को मेंढे प्रजनन हेतु वितरित करना

उद्देश्य एवम् विशेषता	भेड़ पालकों की आय में वृद्धि करना तथा मीट व ऊन की मात्रा/गुणवता में वृद्धि करना।
पात्रता	हिमाचल प्रदेश के केवल अनुसूचित जन जाति के भेड़ पालक, जिनके पास कम से कम 50 भेड़ों का समूह है उक्त योजना के पात्र है। योजना के अन्तर्गत लाभार्थी के पास 50 भेड़ों का समूह होने पर 1 मेंढा प्रदान किया जाएगा तथा अधिकतम 2 ही मेढें प्रदान किए जाएंगे।
सहायता का ब्यौरा	भेड़ पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान पर प्रजनन योग्य मेढें वितरण करना।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अनुसूचित जन जाति के लाभार्थी अपना आवेदन साधारण पत्र पर प्रस्तुत कर सकता है।
वाँछित दस्तावेज	अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	लाभार्थी अपने नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी को अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।
जेंडर	दोनो

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	कृषक बकरी पालन योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के अवसर प्रदान करना तथा मीट उत्पादन में बढ़ौतरी करना।

पात्रता
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के अवसर प्रदान करना तथा मीट उत्पादन में बढ़ौतरी करना।

सहायता का ब्यौरा
"कृषक बकरी पालन योजना" के अन्तर्गत बकरी पालकों को 11 बकरियां (10 मादा + 1 नर), 5 (4 मादा + 1 नर) एवं 3 बकरियां (2 मादा + 1 नर) बकरी इकाईयाँ 60 प्रतिशत अनुदान पर प्रदान की जाएगी।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?
इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी अपना आवेदन साधारण पत्र पर प्रस्तुत कर सकता है।

वाँछित दस्तावेज
सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बी0पी0एल0, महिला लाभार्थी तथा हि0 प्र0 के भूमिहीन से संबंधित प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी
इच्छुक लाभार्थी अपने नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारी के पास अपना आवेदन जमा कर सकता है।

जेंडर
दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	Innovative Poultry Productivity Project (IPPP)- LIT योजना (NLM)

उद्देश्य एवम् विशेषता
(1) बढ़ती आबादी की प्रोटीन आवश्यकताओ की पूर्ति करना।
(2) कृषको की आय दुगनी करना।
(3) स्वरोजगार का साधन।
(4) पशु आधारित भोजन की बढ़ती मांग की पूर्ति करना।

पात्रता
सभी वर्गो के कृषक जिसमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन-जाति, BPL तथा महिलाओं को प्राथमिकता। स्वयं सहायता समूह, सहकारी समितियां आदि।

सहायता का ब्यौरा
<u>योजना का प्रारूप</u>- आस-पास के साथ लगते 5-6 गाँवो व क्षेत्रों में समूह में योजना कार्यान्वित की जायगी। प्रत्येक समूह में 10 कृषक होंगे। प्रत्येक लाभार्थी को 4 सप्ताह की आयु के 200 LIT चूजे दिए जाएंगे। लाभार्थी को 200-200 चूजे दो बार 72 सप्ताह के अन्तराल पर दिए जाएंगे। योजना के प्रथम व तृतीय वर्ष में 400-400 लाभार्थी लाभान्वित किए जाएंगे। वित्तीय प्रतिरूप- कुल लागत रू 35,000/- प्रति लाभार्थी केन्द्रीय अंश रू 31,500/- प्रति लाभार्थी (90 %) राज्य सरकार रू 3,500/- प्रति लाभार्थी (10 %) (लाभार्थी को चूजों के अतिरिक्त रू 15000/- चूजों के लिए शेल्टर, आहार व अन्य खर्चों के वहन के लिए दिए जाएंगे।) योजना का आकार- कुल बजट 280-00 लाख रूपये केंद्रीय अंश 252-00 लाख रूपये (90 %) राज्य अंश 28-00 लाख रूपये (10 %)।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?
इच्छुक कुक्कुट पालक नजदीक के पशु चिकित्सा संसथान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।

वाँछित दस्तावेज
इच्छुक कुक्कुट पालक निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन कर सकता है। इच्छुक कुक्कुट पालक यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, BPl से सम्बन्ध रखता है तो प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी
इच्छुक कुक्कुट पालक नजदीक के पशु चिकित्सा संसथान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य/प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।

जेंडर
दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	Innovative Poultry Productivity Project (IPPP)- ब्रायलर योजना (NLM)

उद्देश्य एवम् विशेषता	(1) बढ़ती आबादी की प्रोटीन आवश्यकताओ की पूर्ति करना। (2) कृषकों की आय दोगुनी करना। (3) स्वरोजगार का साधन। (4) पशु आधारित भोजन की बढ़ती मांग की पूर्ति करना।
पात्रता	सभी वर्गों के कृषक जिसमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन-जाति, BPL तथा महिलाओं को प्राथमिकता। स्वंय सहायता समूह, सहकारी समितियां आदि।
सहायता का ब्यौरा	<u>योजना का प्रारूप</u> - योजना का प्रारूप-आस-पास के साथ लगते 5-6 गाँवो व क्षेत्रों में समूह में योजना कार्यान्वित की जाएगी। प्रत्येक समूह में 10 कृषक होंगे। प्रति लाभार्थी को एक दिन के 600 ब्रायलर चुजें (प्रति लाभार्थी 150 चूजे 4 बार 3 माह के अन्तराल पर) प्रदान किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त 6 फीडर, 3 ड्रिंकर व कुक्कुट आहार, दवाइयाँ आदि का भी प्रावधान है। यह योजना प्रदेश के 11 जिलों में चार वर्षों में कार्यान्वित की जाएगी। प्रत्येक वर्ष 200 इच्छुक कुक्कुट पालक लाभान्वित होंगे। <u>वित्तीय प्रतिरूप</u>- कुल लागत रू 1,12,500/- प्रति लाभार्थी केन्द्रीय अंश रू 1,01,250/- प्रति लाभार्थी (90%) राज्य सरकार रू 11,250/- प्रति लाभार्थी (10%) कुल बजट 900.00 लाख रूपये केन्द्रीय अंश 810.00 लाख रूपये (90%) राज्य सरकार अंश 90.00 लाख रूपये (10%)
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक कुक्कुट पालक नजदीक के पशु चिकित्सा संसथान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।
वाँछित दस्तावेज	इच्छुक कुक्कुट पालक निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन कर सकता है। इच्छुक कुक्कुट पालक यदि अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन-जाति, BPL से सम्बन्ध रखता है तो प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	इच्छुक कुक्कुट पालक नजदीक के पशु चिकित्सा संसथान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	200- चूजे योजना (अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत)

उद्देश्य एवम् विशेषता

(1) ग्रामीण गरीब आबादी की प्रोटीन आवश्यकताओ की पूर्ति करना।
(2) कृषकों की आय में बढ़ौतरी करना।
(3) स्वरोजगार का साधन।
(4) उच्च कोटि की खाद उपलब्ध करवाना।

पात्रता

अनुसूचित जाति से सम्बन्धित BP। कुक्कुट पालक।

सहायता का ब्यौरा

योजना का प्रारूप- लाभार्थी को एक दिन के 200 ।।T चूजे दिए जाएंगे। लाभार्थी को चूजों के अतिरिक्त कुक्कुट आहार, फीडर, ड्रिंकर्स दिए जाते हैं। लाभार्थी को कुक्कुट पालन से सम्बन्धित प्रशिक्षण भी दिए जाने का प्रावधान है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इच्छुक कुक्कुट पालक निकट के पशु चिकित्सा संसथान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।

वाँछित दस्तावेज

इच्छुक कुक्कुट पालक निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन कर सकता है। इच्छुक कुक्कुट पालक को प्रपत्र के साथ अनुसूचित जाति व BPL प्रमाण पत्र प्रेषित करना होगा।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

इच्छुक कुक्कुट पालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	5000- ब्रायलर फार्म योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता

(1) ग्रामीण गरीब आबादी की प्रोटीन आवश्यकताओ की पूर्ति करना।
(2) कृषकों की आय में बढ़ौतरी करना।
(3) स्वरोजगार का साधन।
(4) उच्च कोटि की खाद उपलब्ध करवाना।

पात्रता

सभी वर्गों के कृषक जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, BPL तथा महिलाओं को प्राथमिकता। स्वंय सहायता समूह, सहकारी समितियां आदि।

सहायता का ब्यौरा

योजना का प्रारूप- लाभार्थी को एक दिन के 5000 ब्रायलर चूजे (1000 चूजे प्रति किश्त पांच बार 3 माह के अन्तराल पर दिए जाएंगे)। **वित्तीय प्रतिरूप**- लाभार्थी को कुक्कुट बाड़ा बनाने हेतु, एक दिन के 5000 ब्रायलर चूजे (1000 चूजे प्रति किश्त), कुक्कुट आहार, फीडर, ड्रिंकर्स, आदि के लिए 60 % अनुदान दिया जाता है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

इच्छुक कुक्कुट पालक नजदीक के पशु चिकित्सा संसथान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।

वाँछित दस्तावेज

इच्छुक कुक्कुट पालक निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन कर सकता है। इच्छुक कुक्कुट पालक यदि अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन-जाति, BP। से सम्बन्ध रखता है तो उसका प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

इच्छुक कुक्कुट पालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	उत्तम पशु पुरस्कार योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	उत्तम नस्ल के अधिक दूध देने वाले पशु पालकों को प्रोत्साहित करना।
पात्रता	पशु पालक जिनका दुधारू पशु (गाय/ भैंस) का दूध उत्पादन 15 लीटर प्रतिदिन या उससे अधिक हो।
सहायता का ब्यौरा	प्रोत्साहन राशि ₹1000/-प्रति दुधारू पशु ((गाय/ भैंस) अधिकतम 2 पशु प्रति लाभार्थी)।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक पशुपालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क कर आवेदन दे सकता है।
वाँछित दस्तावेज	इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन साधारण पत्र पर प्रस्तुत कर सकता है।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	पशुपालक निकट के पशु चिकित्सा संस्थान के माध्यम से सम्बन्धित उप निदेशक (पशु स्वास्थ्य / प्रजनन) जिला को आवेदन कर सकता है।
जेंडर	दोनों

XIII- आयुर्वेदा विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं राज्य बजट /औषधि क्रय

उद्देश्य एवम् विशेषता	रोगी को स्वास्थय लाभ। रोगियों को निःशुल्क औषधि वितरण करना।
पात्रता	किसान समुह के पास न्यूनत्तम 2 हैक्ट0 भूमि
सहायता का ब्यौरा	चिकित्सक द्वारा जांच करने पर सम्बन्धित रोग हेतू रोगियों को निःशुल्क दवाईयां देना।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आ0 स्वा0 के0 में पर्ची बनवाकर आ0 चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच /निदान करवाना।

वाँछित दस्तावेज	आ0 चिकित्सा अधिकारी द्वारा निदान की हुई पर्ची।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	आ0 स्वा0 के0 में आ0 फार्मास्सिट/ आ0 चिकित्सा अधिकारी
जेंडर	दोनों

XIV- भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार बोर्ड

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मातृत्व पितृत्व प्रसुविधा (दो माह सदस्यता)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	महिला लाभार्थी को प्रसव अवधि के समय अथवा बच्चे के जन्म पर मुबलिग 25,000/- (पच्चीस हजार) रुपये राशि देय होगी। पुरूष लाभार्थी 1,000/- (एक हजार) रुपये के लिए हकदार होगा। (यह सुविधा केवल दो बच्चों तक ही देय होगी।)
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को भुगतान हेतु भेजा जाता है जिसका भुगतान सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।

आयु सीमा	**न्यूनतम 18** **अधिकतम 60**	जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मृत्यु प्रसुविधा (लाभ) (सदस्यता)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	यदि सदस्य की मृत्यु कार्य के दौरान दुर्घटना से होती है तो नाम निर्देशितों/आश्रितों को मुबलिग 2,00,000/- (दो लाख) रुपये की राशि दी जाएगी एवं प्राकृतिक मृत्यु पर रु. 1,00,000/- की राशि देय होगी।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	नामांकित व्यक्ति सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को भुकतान हेतु भेजा जाता है जिसका भुगतान सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	अन्तिम संस्कार हेतु सहायता

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यो में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	नाम निर्देशितों/आश्रितों को रु 20,000/- (बीस हजार) रुपये की राशि देय होगी।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	नामांकित व्यक्ति सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को भुगतान हेतु भेजा जाता है जिसका भुगतान सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी / श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	चिकित्सा सहायता

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यो में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।

सहायता का ब्यौरा	लाभार्थी और उसके आश्रितों को चिकित्सा उपचार हेतु सरकारी अस्पताल/सरकार द्वारा अनुमोदित/चयनित अस्पतालों/औषधालयों से चिकित्सा बिल प्रस्तुत करने पर प्रतिवर्ष बाह्य (outdoor) चिकित्सा उपचार के लिए रु0 10000/- रु0 (दस हजार रुपए) केवल और अंतरंग (Indoor) चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए रु0 30000/- (तीस हजार रुपए) केवल की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को हेतु भेजा जाता है जिसका सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी /श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता (दो माह सदस्यता)

उद्देश्य एवम् विशेषता

इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यो में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

पात्रता

पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।

सहायता का ब्यौरा

बोर्ड अपने सदस्यों के दो बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रति वर्ष निम्न दर से सहायता प्रदान करेगा। क्रमांक पाठ्यक्रम राशि

1. प्रथम कक्षा से आठवीं कक्षा तक 3,000.00
2. नौवीं से 10+2 स्तर तक 6,000.00
3. स्नातक कक्षाएं कला स्नातक, बी.एस.सी./बी कॉम / बी.बी.ए. या इसके बराबर 10,000.00
4. स्नातकोत्तरः कला, वाणिजय संकाय एवं विज्ञान संकाय 15,000.00
5. डिप्लोमा पाठ्यक्रम अवधिः एक वर्ष, दो वर्ष एवं तीन वर्ष 15,000.00
6. व्यवसायिक पाठ्यक्रम उपलब्धियां एवं पी.एच.डी./अनुसंधान पाठ्यक्रम 25,000.00

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को हेतु भेजा जाता है जिसका सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।

वाँछित दस्तावेज

तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	शादी हेतु वित्तीय सहायता (दो माह सदस्यता)

उद्देश्य एवम् विशेषता

इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यो में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	पंजीकृत अविवाहित लाभार्थी के सवयं अथवा विवाहित लाभार्थी के दो बच्चों के विवाह हेतु मुबलिग 35,000/- (पेंतीस हज़ार) रूपये प्रत्येक बच्चा सहायता देय है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को हेतु भेजा जाता है जिसका सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी / श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	महिला साईकिल (दो माह सदस्यता)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यो में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	महिला हिताधिकारी को बोर्ड द्वारा एक साइकिल प्रदान की जाएगी। यह सहायता केवल महिला हिताधिकारी को दी जएगी जिसने ऐसी वाहन सहायता पहले प्राप्त न की हो। (यह सुविधा केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी)
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा जाता है तथा स्वीकृति उपरांत लाभार्थी सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय से इसे प्राप्त कर सकता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी / श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	इंडक्शन हीटर (दो माह सदस्यता)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यो में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।

सहायता का ब्यौरा	लाभार्थी को बोर्ड द्वारा एक इंडक्शन हीटर प्रदान किया जायेगा (यह सुविधा केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी)
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा जाता है। तथा स्वीकृति उपरांत लाभार्थी सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय से इसे प्राप्त कर सकता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	सोलर लैम्प

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	लाभार्थी को बोर्ड द्वारा एक सोलर लैम्प प्रदान किया (यह सुविधा केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी)
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पंजीकृत कामगार सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा जाता है। तथा स्वीकृति उपरांत लाभार्थी सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय से इसे प्राप्त कर सकता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा के कार्यालय।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	प्रधान मन्त्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधान मन्त्री सुरक्षा बीमा योजना (सदस्यता 18 से 60 वर्ष की उम्र)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	इन योजनाओं में पंजीकृत लाभार्थियों की प्राकृतिक मृत्यु पर 2.00 लाख रूपए तथा दुर्घटना में हुई मृत्यु पर 4.00 लाख रूपए की राशि दावे के तौर पर प्रदान की जाती है। 100% विकलांगता के मामले में 2.00 लाख रूपए की राशि और 50% विकलांगता के मामले में 1.00 लाख रूपए की राशि अनुग्रहपूर्वक (ex-gratia) के रूप में दी जाएगी। प्रीमियम राशि का भुगतान भी बोर्ड द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त लाभार्थियों के बच्चों की पढ़ाई हेतु दो बच्चों तक नवीं कक्षा से वाहरवीं कक्षा तक तथा (आई.टी.आई. पाठ्यक्रम सहित) 1200/- रूपए प्रति वर्ष की दर से छात्रवृति देय होगी।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	नामांकित व्यक्ति सम्बन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन कर सकता है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा जाता है। तदोपरांत आवश्यक दस्तावेजों को बोर्ड के मुख्य कार्यालय से आगामी कार्रवाई हेतु भारतीय जीवन बीमा निगम को भेजा जाता है जिसका भारतीय जीवन बीमा निगम के दवारा सीधे आवेदक के बैंक खाते में किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड परिवार, रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी/ श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
आयु सीमा	**न्यूनतम 18** **अधिकतम 60** जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	पैंशन सुविधा

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्यों में कार्यरत समस्त कामगारों व उनके परिजनों को कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।
पात्रता	पंजीकरण के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए कामगार की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा उसने पिछले 12 माह में कम से कम 90 दिन तक उपरोक्त परिभाषित सन्निर्माण कार्यो पर कार्य किया हो। इन 90 दिनों में निजी निर्माण कार्य, मनरेगा या सरकार/पंचायत के द्वारा संचालित निर्माण कार्य की अवधि शामिल की जानी मान्य होगी।
सहायता का ब्यौरा	बोर्ड का लाभार्थी 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पैंशन का हकदार होगा जो न्यूनतम राशी 500/- (पांच सौ रूपए) केवल, प्रतिमाह देय रहेगी।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पेंशन सुविधा का लाभ उठाने के लिए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर लाभार्थी को आवश्यक दस्तावेजों के साथ समबन्धित जिला श्रम अधिकारी/श्रम निरीक्षक के कार्यालय में आवेदन करना होगा जिसे आवश्यक दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरान्त बोर्ड के मुख्य कार्यालय को हेतु भेजा जाता है जिसका सीधे आवेदक के बैंक खाते में प्रति माह किया जाता है।
वाँछित दस्तावेज	तीन पासपोर्ट फोटो सहित आयु प्रमाण के लिए निम्न दस्तावेज में से किसी एक की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जैसे स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जन्म, ड्राइविंग लाइसैंस, निर्वाचन मतदाता कार्ड, आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर की प्रति पर आयु सबूत के लिए विचार किया जाएगा।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	श्रम अधिकारी / श्रम निरीक्षक के कार्यालय में जाना होगा।
आयु सीमा	**न्यूनतम 18** **अधिकतम 60** जेंडर दोनों

XV- अनु० जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	वृद्धावस्था पैन्शन योजना (राज्य संचालित योजना)

उद्देश्य एवम् विशेषता

वृद्धावस्था पैन्शन (राज्य संचालित) सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत उन वृद्धों को आर्थिक सहायता देना है, जिनका पालन पोषण एवं देख -रेख का कोई उचित साधन न हो।

पात्रता

<u>वृद्धावस्था पैन्शन (राज्य संचालित)</u>

a) ऐसे वृद्ध व्यक्ति जिनकी आयु 60 वर्ष से 70 वर्ष के बीच हो तथा प्रार्थी की समस्त साधनों से वार्षिक आय 35000/- रु० से अधिक न हो।

b) ऐसे वृद्ध व्यक्ति जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हो, बिना किसी आय सीमा के पैन्शन हेतु पात्र है, बशर्ते वह दूसरी किसी प्रकार की पैन्शन न ले रहा हो /रही हो।

सहायता का ब्यौरा

वृद्धावस्था पैन्शन (राज्य संचालित) ऐसे वृद्ध व्यक्ति जिनकी आयु 60 वर्ष हो, तथा प्रार्थी की समस्त साधनों से वार्षिक आय 35000/-रु० से अधिक न हो, को 850/- रु० प्रति माह की दर से यह पैन्शन दी जा रही है। 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्तियों, को 1500/- रु० प्रति माह की दर से यह पैन्शन प्रदान की जा रही है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

1. प्रार्थी आवेदन पत्र जिला कल्याण अधिकारी / तहसील कल्याण अधिकारी, पंचायत कार्यालय, ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्र तथा विभागीय वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
2. प्रार्थी आवेदन पत्र को भर कर तथा साथ में सभी दस्तावेज़ संलग्न कर गावों में पंचायत के कार्यालय में तथा शहरी निकाय के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।
3. प्रार्थी अपने प्रार्थना पत्र सीधे जिला कल्याण अधिकारी तथा तहसील कल्याण अधिकारी को भी दे सकते हैं तथा सम्बन्धित पंचायत, ग्राम सभा तथा शहरी क्षेत्र में नगर परिषद् से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

वाँछित दस्तावेज

<u>वृद्धावस्था पैन्शन</u> :

1. जन्म तिथि प्रमाण पत्र / पंचायत परिवार रजिस्टर की नक़ल
2. आधार कार्ड
3. पारिवारिक वार्षिक आय का प्रमाण पत्र (केवल 60 से 69 वर्ष की आयु के लिए)
4. डाकघर बचत/बैंक बचत खाता संख्या पास बुक के साथ
5. ग्राम सभा के प्रस्ताव की प्रति जिसमे प्रार्थी के नाम की अनुशंसा पैन्शन हेतु की गयी है। (केवल 60 से 69 वर्ष की आयु के प्रार्थियों के लिए)
6. सादे कागज पर शपथ पत्र कि प्रार्थी अन्य प्रकार की पैन्शन सरकार से प्राप्त नही कर रहा /रही है।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

प्रार्थी आवेदन पत्र जिला कल्याण अधिकारी / तहसील कल्याण अधिकारी, पंचायत कार्यालय, में जमा करवा सकते हैं।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना (केंद्र संचालित)

उद्देश्य एवम् विशेषता

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना (केंद्र संचालित) गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले (बी० पी० एल०) सभी पात्र वक्तियों को केंद्र सरकार द्वारा वृद्ध वक्तियों के लिए चलाईं जा रही योजना इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना के माध्यम से लाभान्वित करना।

पात्रता

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना (केंद्र संचालित) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना के अंतर्गत उन वृद्धों को जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो तथा गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवार के सदस्य हो को भारत सरकार द्वारा पैन्शन देने का प्रावधान है।

सहायता का ब्यौरा

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना (केंद्र प्रायोजित) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन योजना के अंतर्गत उन वृद्धों को जिनकी आयु 60 वर्ष से 79 वर्ष से अधिक हो तथा गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवार के सदस्य हो को भारत सरकार द्वारा 200/- रु० प्रतिमाह की दर से राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन प्रदान की जाती है। 850/- रु० की दर से पैन्शन उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार द्वारा 650/- रु० प्रतिमाह का अतिरिक्त खर्च वहन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवार के 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के पैन्शनरों को भारत सरकार द्वारा 500/- रु० प्रतिमाह की दर से राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन प्रदान की जाती है। 1500/-रु० प्रतिमाह की दर से पैन्शन उपलब्ध करवाने हेतु राज्य सरकार द्वारा 70-79 वर्ष की आयु के पेंशनरो पर 1300/- रु० प्रतिमाह तथा 80 वर्ष से अधिक आयु पर 1000/- प्रतिमाह का अतिरिक्त खर्च वहन किया जा रहा है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

1. प्रार्थी आवेदन पत्र जिला कल्याण अधिकारी/तहसील कल्याण अधिकारी, पंचायत कार्यालय, ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्र तथा विभागीय वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
2. प्रार्थी आवेदन पत्र को भर कर तथा साथ में सभी दस्तावेज़ संलग्न कर गावों में पंचायत के कार्यालय में तथा शहरी निकाय के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।
3. प्रार्थी अपने प्रार्थना पत्र सीधे जिला कल्याण अधिकारी तथा तहसील कल्याण अधिकारी को भी दे सकते हैं तथा सम्बन्धित पंचायत, ग्राम सभा तथा शहरी क्षेत्र में नगर परिषद् से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। www.himachal.nic.in/soma www.esomsa.hp.gov.in

वाँछित दस्तावेज

<u>इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पैन्शन</u>

1. जन्म तिथि प्रमाण पत्र/पंचायत परिवार रजिस्टर की नक़ल
2. आधार कार्ड
3. बी० पी० एल० प्रमाण पत्र जो कि आवेदन कि तिथि से छ माह पहले से अधिक जारी न किया गया हो।
4. डाकघर बचत / बैंक बचत खाता संख्या पास बुक के साथ
5. बचत खाता को आधार से लिंक करने सम्बन्धी सहमति पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी

प्रार्थी आवेदन पत्र जिला कल्याण अधिकारी / तहसील कल्याण अधिकारी, पंचायत कार्यालय, में जमा करवा सकते हैं।

जेंडर

दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	मकान निर्माण हेतु अनुदान

उद्देश्य एवम् विशेषता

मकान निर्माण के लिए सहायता उपलब्ध करवाना।

पात्रता

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यक, विशेष रूप से सक्षम, विधवा, बेसहारा, एकल नारी से सम्बन्धित हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी जिनकी वार्षिक आय 35,000/- रू0 से अधिक न हो तथा जिनके नाम राजस्व रिकार्ड में मकान बनाने हेतु भूमि उपलब्ध हो तथा जिनके पास अपना मकान न हो।

सहायता का ब्यौरा

नये मकान निर्माण के लिए 1,30,000/-रू0 गृह मुरम्मत हेतु 25,000/-

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकता है, आवेदन की प्रति जिला कल्याण अधिकारी / तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालयों अथवा विभगीय wedsite से dwonload की जा सकती है

वाँछित दस्तावेज	समस्त साधनो से वार्षिक आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र जो कार्यकारी दण्डाधिकारी से जारी किये गये हो तथा जिस भूमि पर मकान बनाना प्रस्तावित है, की जमाबन्दी नकल व ततीमा प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिला कल्याण अधिकारी/तहसील कल्याण अधिकारी
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	अनुवर्ती कार्यक्रम

उद्देश्य एवम् विशेषता	आजीविका कमाने हेतु औजार उपलब्ध करवाना।
पात्रता	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी जिन्होंने सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थानो अथवा स्वयं सेवी संस्थाओ द्वारा संचालित केन्द्रो में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया हो या ऐसे व्यक्ति जो अपने व्यवसाय मे निपुण हो लेकिन किसी भी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो तथा वार्षिक आय 35,000/-रू0 से अधिक न हो।
सहायता का ब्यौरा	बढ़ई कार्य, कताई व बुनाई कार्य तथा चमड़ा कार्य के लिए 1300/-रू0 व सिलाई मशीन खरीदने हेतु 1800/- रू0 का अनुदान दिया जाता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकता है तथा आवेदन की प्रति जिला कल्याण अधिकारी/तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालयों अथवा विभगीय wedsıte से dwonıoad की जा सकती है
वाँछित दस्तावेज	समस्त साधनों से वार्षिक आय प्रमाण पत्र, जिसके साथ हिमाचली प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, जो कार्यकारी दण्डाधिकारी से जारी किये गये हो तथा सम्बन्धित संस्थान से प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिला कल्याण अधिकारी/ तहसील कल्याण अधिकारी।
जेंडर	दोनों

XVI- वन विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	टिकाऊ कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन के तहत एग्रोफोरेस्ट्री पर उप मिशन (SMAF)

उद्देश्य एवम् विशेषता	गुणात्मक पौधारोपण की व्यवस्था व कृषि व्यवस्था के अंतर्गत कृषि भूमि में वृक्षारोपण करना।
पात्रता	सभी किसान, गैर सरकारी (NGOs) व सार्वजनिक क्षेत्र (Pubııc Sector) के संगठन।

सहायता का ब्यौरा	50% लाभार्थी शेयर व 50% सरकारी सहायता।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक किसान निकटतम वन कर्मचारियों / कार्यालयों से संपर्क करें, योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश वेबसाइट www.nmsa.gov.in पर उपलब्ध हैं।
वाँछित दस्तावेज	कृषि योग्य भूमि के भू-दस्तावेज।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	स्थानीय वन कार्यालय जैसे कि वन राजिक/वन मण्डल अधिकारी या नोडल अधिकारी एवं वन मण्डल अधिकारी (अनुसन्धान), सुंदरनगर।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	विद्यार्थी वन मित्र योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	छात्र-छात्राओं को वनों की महत्ता तथा पर्यावरण में वनों की भूमिका की जानकारी देना; विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के साथ जोड़ना; छात्र-छात्राओं द्वारा स्थानीय लोगों को वनों एवं पर्यावरण के बारे शिक्षित करना तथा वनों के क्षेत्रफ़ल को बढ़ाना। योजना को प्रदेश शिक्षा विभाग तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से क्रियान्वित ।
पात्रता	प्रथम चरण में वे स्कूल जहाँ ईको क्लब स्थापित हों, को प्राथमिकता दी जाएगी। बाद में अन्य स्कूलों को भी शामिल किया जा सकता है।
सहायता का ब्यौरा	स्कूलों को चयनित भूमि में रोपित किये गए पोधों के एवज में ₹30/- प्रति पौधा की दर से धनराशि प्रदान की जाएगी जिसमें से ₹20/- पौधारोपण के वर्ष में प्रदान किये जाएंगे तथा शेष ₹10/- आगामी पांच वर्षों में इन पौंधों के रख रखाव के एवज में प्रदान किये जाएँगे।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	स्थानीय वन मण्डलाधिकारी।
वाँछित दस्तावेज	सम्बन्धित विद्यालय द्वारा वन विभाग के सहयोग से तकनीकी योजना तैयार की जाएगी तथा विद्यालय एवं वन विभाग के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	स्थानीय वन मण्डलाधिकारी/ वन परिक्षेत्राधिकारी/उप वन परिक्षेत्राधिकारी/वन रक्षक।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	सामुदायिक वन संवर्धन योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	वृक्षारोपण के माध्यम से वनों के सरंक्षण और विकास में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करना; ग्रामीण समुदायों को प्रकृति के साथ मजबूती से जोड़ना और वनों से प्राप्त पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के सतत प्रवाह को सुनिश्चित करना है तथा जंगलों की गुणवत्ता में सुधार, वन आवरण में वृद्धि आदि सुनिश्चित की जाएगी। इस योजना को मौजूदा सयुंक्त वन प्रबंधन समितियों/ ग्राम वन विकास समितियों (JFMC/VFDS) के माध्यम से क्रियान्वित ।
पात्रता	साँझा वन प्रबंधन नियमों के अंतर्गत गठित सयुंक्त वन प्रबंधन समितियां/ग्राम वन विकास समितियां (JFMC/VFDS) जो कि क्रियाशील हों।
सहायता का ब्यौरा	चयनित JFMC/VFDS को प्रबंधन हेतु 50 हेक्टेयर तक वन भूमि चिन्हित की जाएगी जिसके लिए JFMC/VFDS द्वारा उस भूमि में किये जाने वाले कार्यों की एक प्रबंधन योजना (Management Plan) तैयार की जाएगी जिसके अनुसार उन्हें धनराशि आबंटित की जाएगी।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	स्थानीय वन मण्डलाधिकारी।
वाँछित दस्तावेज	हिमाचली मूल प्रमाण पत्र, छात्र की पासपोर्ट आकार की तस्वीर, निर्धारित शैक्षिणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक खाता संख्या का पहला पृष्ठ और आधार संख्या की प्रति।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के वेब पोर्टल www.hptechboard.com (डिप्लोमा कोर्स) और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की वेब साईट www.himtu.ac.in (डिग्री कोर्स) पर आवेदन ऑन-लाइन कर सकते है। संपर्क सूत्र- 01907-267426
जेंडर	महिला

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	पॉलिटेक्निक के माध्यम से समुदाय विकास योजना (सीडीटीपी)

उद्देश्य एवम् विशेषता	यह 100% केंद्रीय प्रायोजित योजना है जिसमें सरकार से किश्त के आधार पर अनुदान प्राप्त किया जा रहा है। यह एक प्रत्यक्ष केंद्रीय सहायता योजना है जिसके तहत योजना के क्रियान्वयन के लिए चयनित संस्थानों / पॉलिटेक्निकों को एमएचआरडी द्वारा आवर्ती और गैर-आवर्ती अनुदान प्रदान किया जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से स्थानीय जनता की प्रगति के लिए है जो पिछड़े क्षेत्रों में रहती है और पेशेवर और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ है। योजना के अनुसार पॉलिटेक्निकों को हर साल 10 से 20 गांवों का सर्वेक्षण कर उच्च प्राथमिकता जरुरत वाले कौशल प्रशिक्षण व्यवसाय निर्धारित कर डीआरडीए, एनजीओ, स्वैच्छिक एजेंसियो, ग्राम पंचायत और सेवानिवृत्त शिक्षक, इंजीनियरों की मदद से करवाए जाते है। यह योजना पॉलिटेक्निक सुंदरनगर, हमीरपुर, रोहड़ू, कंडाघाट (महिला), काँगड़ा और अम्बोटा के माध्यम से 03 से 06 महीने की अवधि के साथ विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम चलाती है। इस स्कीम के अंतर्गत प्लंबिंग एंड सैनिटेशन, डोमेस्टिक इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर सॉफ्ट एप्लीकेशन, एम्ब्रायडरी, कटाई एंड टेलरिंग, डोमेस्टिक इलेक्ट्रीशियन, वुड वर्क/ कारपेंट्री, इलेक्ट्रीशियन, हाउस वायरिंग इत्यादि कोर्स करवाए जाते है।

पात्रता	आवेदक की उम्र एवं शैक्षिणिक योग्यता से सम्बन्धित कोई बाध्यता नहीं है।
सहायता का ब्यौरा	यह योजना विशेष रूप से स्थानीय समुदाय की प्रगति के लिए है जो पिछड़े क्षेत्रों में रहती है और पेशेवर और तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ है। इस योजना में नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	उपरोक्त कोर्सो में प्रवेश लेने हेतु सूचना सम्बन्धित संस्थान द्वारा प्रकाशित की जाती है।
वाँछित दस्तावेज	हिमाचली मूल प्रमाण पत्र, छात्र की पासपोर्ट आकार की तस्वीर, निर्धारित शैक्षिणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक खाता संख्या का पहला पृष्ठ और आधार संख्या की प्रति।
आवेदन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	आवेदन जमा करने हेतू सम्बन्धित संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क किया जा सकता है तथा प्रधानाचार्य से संपर्क करने हेतू दूरभाष नंबर निदेशालय तकनीकी शिक्षा हिमाचल प्रदेश की वेब साईट से प्राप्त किया जा सकता है। संपर्क सूत्र- 01907-267426
जेंडर	दोनो

XXXIII- जनजातीय विकास विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	नाभिकीय बजट

उद्देश्य एवम् विशेषता	नाभिकीय बजट के अंतर्गत बजट का प्रावधान एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना क्षेत्र की आकस्मिक योजना के निष्पादन हेतु किया जाता है।
पात्रता	इस बजट में से सामुदायिक आवश्यकता की एक स्कीम पर अधिकतम 1.00 लाख रूपये ही खर्च किये जा सकते हैं बशर्ते वह स्कीम कम से कम 5 परिवारों को लाभान्वित करती हो।
सहायता का ब्यौरा	इस स्कीम के अंतर्गत व्यक्तिगत सहायता का प्रावधान नहीं है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	उपरोक्त के दृष्टिगत यह आवश्यक नहीं है।
वाँछित दस्तावेज	उपरोक्त के दृष्टिगत यह आवश्यक नहीं है।
आवेदन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	परियोजना अधिकारी, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना। जिसे विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत समिति के माध्यम से भेजे जाने का प्रावधान है तथा इस पर अनुमोदन परियोजना सलाहकार समिति द्वारा किया जाता है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	सर्दियों में जनजातीय क्षेत्रों को हैलीकॉप्टर सेवा

उद्देश्य एवम् विशेषता	**अनुसूचित क्षेत्रों में सर्दियों में बर्फ से ढके क्षेत्रों के लोगों व वहां पर कार्यरत कर्मचारियों की सुविधा एवं अन्य लोगों को निकालने के लिए हैलीकॉप्टर सेवा प्रदान करना।**
पात्रता	अनुसूचित क्षेत्रों के स्थाई निवासी/वहां पर कार्यरत सरकारी कर्मचारी/जनजातीय जिला से बाहर विवाहित जनजातीय महिला।
सहायता का ब्यौरा	यह सेवा स्थानीय निवासी/सरकारी कर्मचारी/जनजातीय जिला से बाहर विवाहित जनजातीय महिला/ बच्चों हेतु सरकार द्वारा बहुत ही कम दर पर प्रदान की जा रही है जिसका ब्यौरा निम्न प्रकार से है- 1 मरीज मु० 700/- रूपये 2 स्थानीय निवासी/सरकारी कर्मचारी/जनजातीय जिला से बाहर विवाहित जनजातीय महिला मु० 1500/- रूपये 3 अन्य मु० 7000/- रूपये 4 ढाई वर्ष तक के नवजात शिशु - नि:शुल्क 5 ढाई से नौ वर्ष तक के बच्चे - मु० 750/- रूपये
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	जनजातीय जिला के उपायुक्त/आवासीय आयुक्त/अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा हैलीकॉप्टर उड़ान के संचालन हेतु विभिन्न हेलीपैडों पर संपर्क अधिकारी मनोनीत किये जाते हैं। आवेदक इन अधिकारियों के पास उपलब्ध प्रार्थना पत्र पर अपना आवेदन करता है।
वाँछित दस्तावेज	आवेदक के पास दो फोटो व पहचान पत्र होना आवश्यक है।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	निकटतम हैलीपैड व उस हैलीपैड हेतु नामित संपर्क अधिकारी।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम

उद्देश्य एवम् विशेषता	**अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की विशेष विकासात्मक आवश्यकताओं व उनकी भलाई हेतु धनराशी प्रदान की जाती है ताकि वहां पर सम्पूर्ण आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित हो सके।**
पात्रता	इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के जिला किन्नौर के कल्पा और पूह विकास खण्ड तथा जिला लाहौल-स्पिति का स्पिति विकास खण्ड शामिल हैं जो कि चीन के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगते हैं।
सहायता का ब्यौरा	इस स्कीम के अंतर्गत व्यक्तिगत सहायता का प्रावधान नहीं है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	उपरोक्त के दृष्टिगत यह आवश्यक नहीं है।

वाँछित दस्तावेज	उपरोक्त के दृष्टिगत यह आवश्यक नहीं है।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	जिला स्तर पर उपायुक्त या अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना इस समिति का सदस्य सचिव है। जिला स्तरीय समिति द्वारा स्कीमों का चयन एवं निर्धारण स्थानीय सांसद, विधायक, पंचायती राज संस्थाओं, स्वायत परिषद्, सामुदायिक नेता तथा विकास एजेंसियों से परामर्श करके किया जाता है।
जेंडर	दोनों

XXXIV- शहरी विकास विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	दीनदयाल अन्त्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

उद्देश्य एवम् विशेषता	"योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में रह रहे गरीब परिवारों का सामाजिक, आर्थिक क्षमता विकास करते हुए प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना एवं उनकी आजीविका को मजबूत करना है जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सके"
पात्रता	दीनदयाल अन्त्योदय योजना -राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन(एनयूएलएम) के अन्तर्गत वे सभी परिवार जो गरीबी रेखा से नीचे है, आर्थिक रूप से कमजोर हैं (EWS), कम आय वर्ग में आते हैं (।।G) या जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय 2 लाख रुपये तक है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं।
सहायता का ब्यौरा	दीनदयाल अन्त्योदय योजना – राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में मुख्यतः पांच घटक हैं प्रत्येक घटक में लाभर्थियो को अलग –अलग सुविधाएँ दी जा रहीं हैं जो की अग्रलिखित हैं।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

1. सामाजिक जागरूकता एवं संस्थागत विकास- इस घटक का उद्देश्य लाभार्थी परिवार के सदस्यों को स्वयंसहायता समूहों से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर क्षमता का विकास करना एवं मिशन के लाभ से जोड़ना है। यह कार्य रिसोर्स आर्गेनाईजेशन के माध्यम से किया जा रहा है, रिसोर्स आर्गेनाईजेशन दो साल तक समूहों के साथ मिलकर इन्हें सुचारू रूप से चलाने में सहयोग प्रदान करेगा। 3 माह तक स्वयं सहायता समूह के सफल संचालन के बाद प्रत्येक समूह को 10,000/- रूपये चक्रीय निधि (Revolving Fund) के रूप में दिया जाएगा। एक शहर में बनायें गए 10 से 20 स्व-सहायता समूहों का एक संघ (एरिया लेवल फेडरेशन) बनाया जाएगा। एरिया लेवल फेडरेशन को आतंरिक लेनदेन(क्षमता विकास) हेतु 50,000/-रुपये चक्रीय निधि दिया जाएगा। एरिया लेवल फेडरेशन को मिलाकर शहर स्तर पर सिटी लेवल फेडरेशन का निर्माण किया जाएगा। स्वयं सहायता समूह - स्वयं सहायता समूह 10 से 15 लोगो का एक संगठन होता है (पहाड़ी एवं दुर्गम क्षेत्रों में जहा जनसंख्या घनत्व कम होता है, उन क्षेत्रों में 5 लोगों का भी समूह बनाया जा सकता है) जों बचत एवं ऋण के माध्यम से सदस्यों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से बनाया जाता है। इन समूहों में नियमित रूप से बैठकों का आयोजन होता है एवं समूह सदस्यों से नियमित बचत एकत्रित कर सामूहिक कोष का निर्माण किया जाता है और आवश्यकता के अनुसार समूह के सदस्यों को समूह के कोष से लघु अवधि के लिए ऋण भी दिया जाता है। जब सदस्यों को अधिक धन की आवश्यकता होती है तब स्वयं सहायता समूह को कम ब्याज पर बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से समूह के कार्पस/सामूहिक कोष का चार गुना तक CCI (नगद साख सीमा) के रूप में उपलब्ध करवाया जाता है, इसके अलावा समूह अपने सूक्ष्म ऋण योजना के आधार पर टर्म लोन भी बैंकों से प्राप्त कर सकता है।
2. कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन के माध्यम से रोज़गार- शहरी युवा जो अपनी जीविका उपार्जन के लिए रोजगार के साधन नही जुटा पा रहे हैं अथवा शिक्षा एवं तकनिकी ज्ञान के अभाव में नौकरी अथवा व्यवसाय नहीं कर पा रहे हैं, ऐसे युवा जो प्रशिक्षण के बाद तीन महीने के अंदर रोज़गार या स्व-रोज़गार करना चाहते हैं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उनकी जीविका उपार्जन के साधनों को विकसित करना, इस योजना उद्देश्य हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत राष्ट्रीय कौशल योग्यता के मानको एवं सेक्टर स्किल कौंसिल के मानकों के अनुरूप राष्ट्रीय कौशल विकास निगम में सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा हैं। राज्य सरकार का शहरी विकास विभाग राज्य के सभी शहरी निकायों में कौशल विकास प्रशिक्षण करवा रहा हैं। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लोगो को सरकार द्वारा चयनित एजेंसी से प्रमाणपत्र प्रदान करवाकर उन्हें रोज़गार उपलब्ध करवाने का प्रयास भी किया जा रहा है।
3. स्वरोजगार कार्यक्रम- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीबों को अपना व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए वित्तीय एवं तकनिकी सहायता मुहैया करवाना है, कार्यक्रम के माध्यम से समूहों का गठन एवं उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। यह घटक शहरी गरीबों के कौशल, प्रशिक्षण, योग्यता के आधार पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल व्यक्तिगत/सामूहिक व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने पर केंद्रित है। इसमे शहरी गरीबों के स्वयं सहायता समूह (Self Help Group) बैंक से आसान ऋण और स्वयं सहायता समूह के ऋण पर ब्याज सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। व्यवसाय की आवश्यकता के अनुसार कार्यशील पूंजी के लिए क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने की सुविधा का भी प्रावधान है। शहरी बेरोजगारों को, सेवा एवं निर्माण से सम्बन्धित सूक्ष्म एवं लघु व्यवसाय शुरू करने (जिसकी स्थानीय मांग हो) के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत स्थानीय शिल्प कौशल को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वरोजगार कार्यक्रम को 3 भागों में

बांटा गया है, A. व्यक्तिगत स्वरोजगार कार्यक्रम B. सामुहिक स्वरोजगार कार्यक्रम C. स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज। व्यक्तिगत स्वरोजगार कार्यक्रम - इस के तहत कोई भी शहरी बेरोजगार जो की लाभार्थी की श्रेणी में आता हो, को 7% की ब्याज दर पर 2 लाख रूपये तक के ऋण, बैंकों के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा है। सामूहिक स्वरोजगार कार्यक्रम - इस के तहत कम से कम पांच व्यक्तियों या महिलाओ के समूह को व्यवसाय करने के लिए 10 लाख रुपये तक की राशि बैंक ऋण के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा। इस के तहत देय ब्याज की दर केवल 7 प्रतिशत होगा। स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज -

वाँछित दस्तावेज	आधार कार्ड की प्रति (निवास प्रमाण पत्र) एवं आय प्रमाण पत्र/। G/ EWS प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सभी स्थानीय शहरी निकाय में कार्यरत स्वयंसेवी, सामुदायिक संगठक, कार्यक्रम प्रबंधक, निकायों में कार्यरत सचिव/कार्यकारी अधिकारी / नगर निगम आयुक्त कार्यक्रम के City Project Officer नामित किये गये हैं।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	स्वच्छ भारत मिशन –शहरी

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी नागरिकों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवा कर खुले में शौच की प्रथा को पूरी तरह समाप्त करना, शुष्क शौचालयों को फ्लशिंग शौचालय में परिवर्तित करना, मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करना, आधुनिक और वैज्ञानिक ढंग से ठोस कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करना एवं स्वच्छता व्यवस्था के प्रति जागरूकता व जन-सहभागिता को सुनिश्चित कर के लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना है।
पात्रता	स्थानीय शहरी निकायों में रहने वाले वे सभी लोग जिनके पास अपना शौचालय नहीं हो या उनका शौचालय सीवर लाईन से जुड़ा ना हो।
सहायता का ब्यौरा	व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 12,000/- रुपये की सहायता राशि। HH घटक के तहत प्रदान की जा रही है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	योजना का लाभ लेने के लिये लाभार्थी अपने स्थानीय शहरी निकाय में संपर्क कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लाभार्थी को लोकमित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन करना होता है, लोकमित्र केंद्र से आवेदन करना निःशुल्क है।
वाँछित दस्तावेज	आधार कार्ड की प्रति तथा निवास प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सभी लोकमित्र केंद्र, स्थानीय शहरी निकायों में कार्यरत सचिव/कार्यकारी अधिकारी / नगर निगम आयुक्त इत्यादी। किसी असुविधा की स्थिति में राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, निदेशालय शहरी विकास विभाग, पालिका भवन, टालैंड शिमला में संपर्क किया जा सकता है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	**योजना का नाम**	प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) - सब के लिए आवास

उद्देश्य एवम् विशेषता	प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022 तक सब के लिये पक्का मकान की परिकल्पना की गयी है। प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यतः शहरी गरीबो के लिए लांच की गयी है जिसके जरिये वे अपने स्वयं के आवास के सपने को पूरा कर सकते है।
पात्रता	प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी गरीब – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ((EWS एवं निम्न आय वर्ग।।G)) के अंतर्गत आने वाले लोगो को लाभान्वित किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत 3,00,000/- रुपये की वार्षिक आय वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवार एवं 6,00,000/- रुपये की वार्षिक आय वाले निम्न आय वर्ग वाले परिवार को शामिल किया गया है।

सहायता का ब्यौरा	(1) लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना के चार विकल्पों (Verticals) में से किसी एक के तहत स्थानीय नगर निकाय में आवेदन दे सकते हैं। इस योजना को चार विकल्पों के माध्यम से लागू किया जा रहा है जो इस प्रकार है (2) झुग्गी बस्ती पुनरोद्वार (In Situ Slum Redevelopment) इसमे भूमि का उपयोग कर एक संसाधन के रूप में निजी डेवलपर्स के साथ मिलकर झुग्गी बस्तियों का पुनरोद्वार किया जाएगा एवं पक्के मकान का निर्माण कर ई. डब्ल्यू. एस. (EWS) परिवार को उपलब्ध कराये जाएंगे। इस हेतु प्रति ई. डब्ल्यू. एस. श्रेणी के लाभार्थी के लिये औसतन 1 लाख रुपये का अनुदान निजी डेवेलपर्स को सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा। (3) ब्याज क्रेडिट लिंक सब्सिडी (Creditlinked Subsidy) प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ई. डब्ल्यू. एस. (EWS) और निम्न आय वर्ग।IG)) के लाभार्थियों को आवास ऋण पर 6.50 % ब्याज क्रेडिट लिंक सब्सिडी घटक के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना के अंतर्गत EWS और।IG के लाभार्थियों को अधिकतम 6 लाख रूपये के होम लोन पर 6.5 % ब्याज सब्सिडी अधिकतम 15 साल के लिए प्रदान की जा रही है। MIG -I &II के लाभार्थी जिनकी आय 6 से 18 लाख रूपये तक है वे भी इसका लाभ ले सकते हैं। (4) सरकारी/प्राइवेट क्षेत्र की भागीदारी द्वारा सस्ते आवास का प्रावधान (Affordable HousingIn Partnership) प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ई. डब्ल्यू. एस. श्रेणी के पात्र परिवार को रियायती दर पर सस्ता मकान उपलब्ध करवाने हेतु नगर निकाय क्षेत्र में सरकारी या गैर-सरकारी आवास योजना जिसमे कम से कम 35 प्रतिशत आवास ई. डब्ल्यू. एस. श्रेणी के परिवारों हेतु अरक्षित हो, ऐसी आवास योजना में आवास उपलब्ध करवाने हेतु प्रति ई. डब्ल्यू. एस. श्रेणी के परिवार के लिए 1.5 लाख रुपये की दर से अनुदान प्रदान किया जाएगा एवं इसके अंतर्गत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अंतर्गत आवासीय कालोनियों का निर्माण किया जाएगा। (5) लाभार्थी आधारित निर्माण (Beneficiaryled Construction) प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ई. डब्ल्यू. एस. श्रेणी के परिवार को स्वयं नया घर बनाने अथवा पुराने घर का विस्तार करने हेतु सरकार द्वारा 1.65 लाख की अनुदान राशी प्रदान की जा रही हैं।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी /पात्र परिवार उपरोक्त चारों विकल्पों में से किसी एक विकल्प का लाभ उठा सकते हैं। लाभार्थी /पात्र परिवार साधारण कागज पर अपना आवेदन व स्व-प्रमाण पत्र/शपथ पत्र (जिसमें साफ-साफ लिखा हो की अवदेक अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य का भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं है) सम्बन्धित नगर निगम /नगर परिषद्/ नगर पंचायत के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिये लाभार्थी अपने स्थानीय शहरी निकाय में संपर्क कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लाभार्थी को लोकमित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन करा सकते हैं वस्तृत जानकारी के लिए mohupa.gov.in/writereaddata/ HFA_ guidelines_ March2016 -english /hindi.pdf से Download कर सकते हैं।
वाँछित दस्तावेज	लाभार्थी /पात्र परिवार साधारण कागज पर अपना आवेदन व स्व-प्रमाण पत्र/शपथ पत्र (जिसमे साफ-साफ लिखा हो की आवदेक अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य का भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं है) सम्बन्धित नगर निकायों के सचिव/कार्यकारी अधिकारी / नगर निगम आयुक्त को जमा करा सकते हैं।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	स्थानीय शहरी निकायों में कार्यरत सचिव / कार्यकारी अधिकारी / नगर निगम आयुक्त व लोकमित्र केंद्र के माध्यम से। किसी असुविधा की स्थिति में निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश, पालिका भवन, टालैंड शिमला में संपर्क किया जा सकता है।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	“अटल श्रेष्ठ शहर योजना - Atal Shresth Shahar Yojna” (ASSY)

उद्देश्य एवम् विशेषता	इस योजना का मुख्य उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्थानीय नगर निकाय (ULB) को पुरस्कृत और प्रोत्साहित करना है।
पात्रता	नगर पालिकाओं के अतिरिक्त यह योजना राज्य की सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए लागू है।
सहायता का ब्यौरा	इस योजना के तहत पुरस्कृत नगर परिषद और नगर पंचायत के लिए प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार है। क्रमांक यूएलबी — प्रकार पुरस्कार राशि 1 नगर परिषद 1,00,00,000.00 (एक करोड रुपए) 2 नगर पंचायत 75,00,000.00 (पचहतर लाख रुपए) इसके अतिरिक्त उपरोक्त वर्णित दो श्रेणियों (शहर कों साफ सुथरा रखने के लिए व पब्लिक सर्विस डिलीवरी के आधार पर स्थानीय निकायों कों चुनकर प्रत्येक कों 5,00,000 रुपये (पांच लाख रुपये) की राशि प्रदान करके पुरुस्कृत किया जाएगा।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	ASSY के लिए आवेदन करने के लिए, नगर परिषद् और नगर पंचायतो को निर्धारित आवेदन पत्र पर अपना दावा शहरी विकास निदेशक को हर साल 30 सितम्बर तक भेजना होगा।

वाँछित दस्तावेज दिशानिर्देशो में विस्तार से उल्लेख के अनुसार।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश, पालिका भवन, टालैंड शिमला।

जेंडर दोनों

XXXV- महिला एवं बाल विकास विभाग

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	समेकित बाल विकास सेवाएं कार्यक्रम

उद्देश्य एवम् विशेषता 6 वर्ष तक के बच्चों की पोषण व स्वास्थ्य स्थिति में सुधार। बच्चों के समुचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक व सामाजिक विकास की नींव रखना। बीमारी, कुपोषण की रोकथाम व बच्चों में स्कूल छोड़ने की प्रवृति को कम करना। बाल विकास को बढ़ावा देने व कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अन्य विभागों/एजेन्सीज के साथ समन्वय स्थापित करना। उचित पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों की पोषण व स्वास्थ्य सम्बन्धित जरुरतों की उचित देखभाल के लिए माताओं की क्षमता को बढ़ाना।

पात्रता 0-6 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चे, गर्भवती महिलाएं व दूध पिलाने वाली माताएं, 11-18 आयु वर्ग की किशोरियां तथा समुदाय के अन्य सदस्य।

सहायता का ब्यौरा आंगनबाडी केन्द्र में 6माह से 6वर्ष के बच्चों, धात्री, गर्भवती माताओं एवं बी0पी0एल0 किशोरियों को पूरक पोषाहार, 3-6 वर्ष के बच्चों को अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा, टीकाकरण व स्वास्थ्य जांच की सुविधा, पोषाहार व स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी व गम्भीर कुपोषण तथा बीमारी की दशा में उचित स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रभावित महिला अथवा बच्चों को चिकित्सालय मे रेफर करना। आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को 8.00रू0 प्रति बच्चा प्रति दिन,9.50 रू0 प्रति गर्भवती /धात्री माता व 8.00 रु प्रति किशोरी प्रतिदिन की दर से पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाया जाता है। अति अल्प वजन बच्चों के लिए पूरक पोषाहार 12 रु0 प्रतिदिन प्रति बच्चा की दर से प्रदान किया जाता है। जिसके लिएआंगनवाड़ी क्षेत्र में आने वाले पात्र बच्चों/माताओं व बी0पी0एल किशोरियां का आगंनवाडी केन्द्र में पंजीकरण आवश्यक है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? आंगनबाडी केन्द्र के माध्यम से सेवायें प्रदान करने के लिए 300 की न्यूनतम आबादीवाले क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र व 150की न्यूनतम आबादी वालेक्षेत्रों में मिनि आंगनबाडी केन्द्र स्वीकृत होने के पश्चात सभी लाभभोगियों का आंगनबाडीकेन्द्र मे पंजीकरण करना। आंगनबाडी केन्द्र खोलने के लिए पंचायती राज सस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना।

वाँछित दस्तावेज कोई दस्तावेज वाँछित नहीं है।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

जेंडर दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	मुख्यमंत्री बाल उद्धार योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — अनाथ, बेसहारा बच्चों जिन्हें देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता हो, उन्हें बाल गृहों में प्रवेश देकर निःशुल्क रहने, शिक्षा, स्वास्थ्य एव पुनर्वास इत्यादि की सुविधायें प्रदान करके उन्हें आत्म-निर्भर बनाना।

पात्रता — किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 2 (14) की उपधारा 1 से 12 के अनुसार "देखभाल एवं संरक्षण" की आवश्यकता वाले बालक या ऐसे "विधि विरोधी बालक" जिन्हें अपराध करने वाला अभिकथित किया या पाया जाता है। इस श्रेणी में 6 से 18 वर्ष की आयु के लगभग वे सभी बच्चे आते हैं जिनके मातापिता की मृत्यु हो चुकी हो या बेसहारा बच्चे जिनके माता-पिता का पता मालूम न हो या जिनके माता-पिता जेल काट रहे हों या जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी हो तथा माता ने दूसरी शादी कर ली हो, या माता अक्षम हो आदि।

सहायता का ब्यौरा — निःशुल्क रहने की व्यवस्था, 10+2 तक शिक्षा, तथा व्यवसायिक शिक्षा / प्रशिक्षण।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — पात्र बाल या बालिकाओं के संरक्षक या पुलिस, चाइल्डलाईन या कोई भी व्यक्ति बालक या बालिका को संबन्धित जिला की बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाल कल्याण समिति बालक से विचार विमर्श करने के बाद उस बालक को बाल गृह में रखे जाने का आदेश जारी करती है। या देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले ऐसे बालक जिनकी संस्तुतिं सम्बन्धित जिलाधीश द्वारा बाल गृह में प्रवेश देने हेतु की गई हो, को निदेशक महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल गृह में प्रवेश दिया जाता है।

वाँछित दस्तावेज — किशोर न्याय आदेर्श नियम 2017 के अन्तर्गत निर्धारित फार्म 17 में बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति व अधिकारी की रिपोर्ट या संबन्धित जिलाधीश की संस्तुति।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — जिला स्तर पर जिला बाल कल्याण समिति या जिला बाल संरक्षण अधिकारी। अधिक जानकारी हेतु निदेशक महिला एवं

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	बेटी है अनमोल योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता — महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करना और बालिका जन्म को अभिशाप न माना जाए, इस बारे प्रयास करना।

पात्रता — ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों मे गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों मे जन्मीं अधिकतम दो बालिकाएं।

सहायता का ब्यौरा — बालिका के नाम पर 12,000 रुपये की धनराशि बैंक या पोस्ट आफिस में जमा करवाई जाती है तथा उस के 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर पूर्ण राशि ब्याज सहित दी जाती है। इसके अतिरिक्त बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित दरों पर छात्रवृत्ति दी जाती है- प्रथम कक्षा से तृतीय कक्षा तक 450/- रुपये प्रति वर्ष चतुर्थ कक्षा में 750/- रुपये प्रति वर्ष पांचवीं कक्षा में 900/- रुपये प्रति वर्ष छठी एवं सातवीं कक्षा में 1050/- रुपये प्रति वर्ष आठवीं कक्षा में 1200/- रुपये प्रति वर्ष नौवीं एवं दसवी कक्षा में 1500/ -रुपये प्रति वर्ष 10+1 और 10+2 2250/- रुपये प्रति वर्ष व स्नातक कक्षाओं के लिए 5000/ -रुपये प्रति वर्ष

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों में जन्मी बालिकाओं के माता-पिता को निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/बाल विकास परियोजना अधिकारी को देना होगा।
वाँछित दस्तावेज	सत्यापित बी0 पी0 एल0 प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	जिला कार्यक्रम अधिकारी /बाल विकास परियोजना अधिकारी /पर्यवेक्षक / आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।
जेंडर	दोनों



योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मुख्य मन्त्री कन्यादान योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	बेसहारा महिलाओं/लड़कियों को शादी हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना।
पात्रता	बेसहारा लड़कियां जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी हो या शारीरिक/मानसिक असमर्थता के कारण अपनी आजीविका कमाने में असमर्थ होने के कारण बिस्तर पर हों या परित्यक्त/तलाकशुदा महिलाओं की पुत्रियां, जिनके संरक्षकों की वार्षिक आय 35000/- रु0 से अधिक न हो।
सहायता का ब्यौरा	40,000/- रु0 की वित्तीय सहायता।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक महिला निर्धारित प्रपत्र पर सम्बन्धित तहसीलदार से सत्यापित आय प्रमाण पत्र सहित आवेदन कर सकती है।
वाँछित दस्तावेज	सत्यापित आय प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक/आंगनबाडी कार्यकर्ता।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	विधवा पुनर्विवाह योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	विधवाओं को पुनर्विवाह के लिए प्रेरित करना।
पात्रता	विधवा महिलाएं।
सहायता का ब्यौरा	दम्पत्ति को 50,000/- रु0 की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन पत्र के साथ विधवा के प्रथम विवाह की तिथि, विधवा होने की तिथि विधवा पुर्नविवाह की तिथि तथा हिमाचली प्रमाण-पत्र सम्बन्धित कार्यकारी दण्डाधिकारी द्वारा जारी, संलग्न किये जाने अनिवार्य हैं।

वाँछित दस्तावेज	पहली शादी की दिनांक/वर्ष। पुनः विवाह की तारीख। व्यक्ति का नाम और पता जिससे विधवा शादी कर रही है।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजनाअधिकारी/पर्यवेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	मदर टेरेसा असहाय मातृ सम्बल योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	निःसहाय महिलाओं के बच्चे या अनाथ बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो के पालन पोषण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना।
पात्रता	ग्रामीण विकास विभाग/ शहरी विकास विभाग द्वारा चयनित गरीबी रेखा से नीचे रह रही निःसहाय महिलाएं जो विधवा हों, तलाकशुदा हों, परित्यक्ता हों या जिन के पति दो साल से लापता हों और सम्बन्धित थाना में न मिलने की रिपोर्ट हो या ऐसी निःसहाय महिलाएं जिनकी वार्षिक आय 35000/- रु0 से कम हो या ऐसे अनाथ बच्चे जिनके अभिभावक गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हों या जिन अभिभावकां की वार्षिक आय 35,000/- रु0 से कम हो।
सहायता का ब्यौरा	5000/- रु0 प्रति बच्चा प्रति वर्ष 18 वर्ष की आयु तक सहायता राशि केवल 2 बच्चों को।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	-
वाँछित दस्तावेज	सम्बन्धित पंचायत/शहरी निकाय से जारी प्रमाणपत्र। वी0पी0एल0/आय प्रमाण पत्र। निःसहाय महिला/अनाथ बच्चों के अभिभावक होने के बारे पांच रूपये स्टाम्प पेपर पर ब्यान हल्फिया जो कार्यकारी मैजिस्ट्रेट से सत्यापित हो।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी। पर्यवेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	स्वयं रोजगार हेतु सहायता

उद्देश्य एवम् विशेषता	महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने के लिए काम-धन्धा करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना।
पात्रता	ऐसी महिलाएं जिनकी वार्षिक आय 35000/- रु0 से अधिक न हो।
सहायता का ब्यौरा	5000/- रु0 प्रति महिला आर्थिक सहायता।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	इच्छुक महिला निर्धारित प्रपत्र पर सम्बन्धित तहसीलदार से सत्यापित आय प्रमाण-पत्र सहित आवेदन कर सकती है।
वाँछित दस्तावेज	सत्यापित आय प्रमाण पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	बलात्कार पीड़ितों के लिए वित्तीय सहायता एवं समर्थन सेवाएं योजना 2012

उद्देश्य एवम् विशेषता — यह योजना बलात्कार पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं समर्थन सेवाएं देने के लिए लागू की गई है।

पात्रता — बलात्कार पीड़ित महिला को स्वास्थ्य सेवा, विधि सहायता, शिक्षा प्रदानकरना और जागरूक करना/परामर्श देना।

सहायता का ब्यौरा — इस योजना के अन्तर्गत 75000 रु0 की आर्थिक सहायता दी जाती है जोकि विशेष परिस्थितियों में एक लाख रु0 तक बढ़ाई जा सकती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज होनी चाहिए, पीड़िता का चिकित्सा परीक्षण शीघ्र होना चाहिए। उसके उपरान्त सम्बन्धित थाना प्रभारी (एस एच ओ) जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से 72 घण्टों के भीतर एफ आई आर की प्रति व चिकित्सा प्रमाण-पत्र की प्रति जिला बोर्ड जो कि सम्बन्धित जिलाधीश की अध्यक्षता में गठित है को प्रेषित करेगा। यदि पीड़िता की मृत्यु हो जाती है तो उस दशा में उसका कानूनी वारिस निर्धारित प्रपत्र पर सम्बन्धित जिला बोर्ड को आवेदन करेगा।

वाँछित दस्तावेज — एफ आई आर की रिपोर्ट व चिकित्सा प्रमाण पत्र।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	केन्द्र	योजना का नाम	बाल/बालिका सुरक्षा योजना एवम् फास्टर केयर कार्यक्रम

उद्देश्य एवम् विशेषता — अनाथ व असहाय बाल/बालिकाओं को सम्पन्न पारिवारिक वातावरण में लने हेतु रखा जाना, ताकि उन्हें बाल गृहों मे प्रवेश हेतु बाध्य न होना पड़े।

पात्रता — दम्पत्ति एवं लाभान्वित बच्चा दोनों हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी हों, दम्पत्ति परिवार की मासिक आय 5000/- से कम न हो। मातृवंश एवं पितृवंश में आय एवं आयु की कोई सीमा शर्त लागू नहीं होती है।

सहायता का ब्यौरा — पालना दम्पत्ति को केन्द्रीय प्रायोजिक फाॅस्टर केयर कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के पालन-पोषण के लिए मु0 2000 रू0 प्रति बच्चा प्रति माह की दर से आर्थिक सहायता दी जाती है जिसका वहन भारत सरकार तथा राज्य सरकार क्षरा 9010 में किया जाता है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा राज्य के बजट से मु0 300 रु0 प्रति माह की दर से फास्टर केयर में रखे गए बच्चें के नाम स्वीकृत करके उसके बैंक/ डाकघर में जमा किये जाते हैं जो कि उसके द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर आहरित किए जा सकते हैं ।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? — सहायता राशि प्राप्त करने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी को हिमाचली प्रमाण.पत्र, आयु प्रमाण. पत्र, आय प्रमाण.पत्र, चिकित्सा प्रमाण.पत्र, दम्पत्ति के फोटो सहित आवेदन करना होता है।

वाँछित दस्तावेज — हिमाचली प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्रमाण-पत्र, दम्पत्ति के फोटो।

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी — जिला बाल संरक्षण अधिकारी। अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास परियोजना।

जेंडर — दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	नारी सेवा सदन

उद्देश्य एवम् विशेषता — 60 वर्ष से कम आयु की बेसहारा महिलाओं को आश्रय देकर उन्हें पुनर्वासित करना।

पात्रता — बेसहारा, असहाय, परित्यक्त एवं ऐसी महिलाएं जो नैतिक खतरे में हों।

सहायता का ब्यौरा — पात्र महिलाओं को सदन में निःशुल्क भोजन, आवास, शिक्षा तथा प्रशिक्षण इत्यादि की सुविधाएं दी जाती हैं। सदन छोड़ने के उपरान्त उन्हें 20,000/-रु0 की पुनर्वास सहायता या शादी के लिए पात्र महिलाओं को 51000/- रु0 का विवाह अनुदान दिया जाता है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पात्र महिलाएं नारी सेवा सदन में प्रवेश पाने हेतु निर्धारित प्रपत्र पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवेदन कर सकती हैं जो अपनी रिपोर्ट सहित निदेशक महिला एवं बाल विकास को प्रवेश के लिए भेजेंगे।
वाँछित दस्तावेज	-
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	**योजना का नाम**	प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

उद्देश्य एवम् विशेषता	मजदूरी की क्षति के बदले में नकद राशि को प्रोत्साहन के रूप में आंशिक क्षतिपूर्ति प्रदान करना ताकि महिलाए पहले जीवित बच्चे के जन्म से पहले और बाद में पर्याप्त विश्राम कर सके।
पात्रता	ऐसी गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को छोड़कर जो केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या सार्वजनिक उपक्रमों के साथ नियमित रोजगार में हैं या जो वर्तमान में लागू किसी कानून के अंतर्गत समान लाभ प्राप्त कर रही है, सभी गर्भवती महिलाएं एवं स्तनपान कराने वाली माताएं।
सहायता का ब्यौरा	गर्भवती महिलाएं एवं स्तनपान कराने वाली माताएं तीन किस्तों में 5000/- रूपये नकद लाभ प्राप्त करेगी। इनमे से प्रथम किस्त मु0 1000/- रू पंजीकरण के उपरांत दूसरी किस्त मु0 2000/- गर्भधारण के 6 मास उपरांत व तीसरी किस्त मु0 2000/- बच्चे के प्रथम टीकाकरण के उपरांत दी जाती है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	लाभार्थियों से पंजीकरण तथा किस्त के दावे के लिए योजना के अंतर्गत निर्धारित फार्म भरने तथा आंगनवड़ी केंद्र में उसे जमा करने की अपेक्षा होगी।
वाँछित दस्तावेज	एमसीपी कार्ड लाभार्थी और पति (दोनो) के आधार कार्ड। लाभार्थी के बैंक/ डाकघर खाते के विवरण। लाभार्थी से गर्भाधारण के 6 माह बाद कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच दर्शाने वाले एमसीपी कार्ड की प्रतिलिपि। बच्चे के जन्म के पंजीकरण की प्रति तथा एमसीपी कार्ड मे बच्चे के टिकाकरण का पहला चक्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी/बाल विकास परियोजना अधिकारी/ पर्यवेक्षिका/ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।
जेंडर	दोनों

योजना / स्कीम का संचालन	राज्य	योजना का नाम	सशक्त महिला योजना।

उद्देश्य एवम् विशेषता	(1) अपने अधिकारों के बारे में ग्रामीण महिलायों में जागरूकता पैदा करना। (2) उच्च शिक्षा के लिए पढाई में उत्कृष्ट लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए (3) आय सृजन गतिविधियों के लिए माइक्रो क्रेडिट एवं फाइनेंस के माध्यम से ग्रामीण महिलायों को अधिक से अधिक वितीय सहायता प्रदान करना। (4) किशोर लड़कों / लड़कियों को एक दुसरे और अन्य लिंग के लिए आपसी सम्मान के लिए सम्वेदनशील बनाना। (5) बेहतर सह अस्तित्व के लिए व्यबहार परिवर्तन लाने के लिए (6) लाइन बिभागों के साथ अभिसरण में पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना।
पात्रता	(1) 11 से 18 वर्ष की आयु वर्ग में किशोरियां एवं (2) 19 से 45 वर्ष की महिलाएं।
सहायता का ब्यौरा	कौशल विकास।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया - आवेदन की प्रति कहाँ से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	Website www.wcdhp@nic.in
वाँछित दस्तावेज	योजना की प्रति संलग्न की गयी है
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र / अधिकारी	अधिक जानकारी के लिए नजदीकी आंगनवाडी केंद्र /पर्वेक्षक/सशक्त महिला अधिकारी/सबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी/जिला कार्यक्रम अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। Website www.wcdhp@nic.in
जेंडर	महिला

XXXVI- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग

योजना स्कीम का सचालन /	राज्य	योजना का नाम	प्रशिक्षुओं के लिए छात्रवृति

उदेश्य एवम विशेषता	हिमाचल के बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण हेतु सहायता अनुदान प्रदान करना।
पात्रता	जमा दो पास एवं जो प्रशिक्षु IHM / Food & Craft Institute में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा हो ।
सहायता का ब्यौरा	1. 200 रु0 प्रति छात्र प्रति माह 'अतिथ्य सत्कार' में। 2. 120 रु0 प्रति छात्र प्रति माह 'खाद्य उत्पादन व षिल्प कौषल पाठ्यक्रम'। 3. 120 रु0 प्रति छात्र प्रति माह 'खाद्य एवं पेय सेवा'।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां से - प्राप्त की जा सकतीहै? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	आवेदन सादे कागज पर निदेशालय पर्यटन हिमाचल प्रदेश शिमला के कार्यालय को सम्बन्धित संस्थानों जहां पर प्रशिक्षण लिया जा रहा है के माध्यम से भिजवाया जा सकता है।
वांछित दस्तावेज	1. हिमाचली प्रमाण पत्र । 2. सम्बन्धित संस्थान का सिफारिश पत्र।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /	निदेशालय , पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग,ब्लाक न0 28, एस0डी0ए0 काम्पलैक्स, कसुम्पटी, शिमला-9 ।
जेंडर	दोनों

योजना स्कीम का सचांलन /	राज्य	**योजना का नाम :**	होटल पंजीकरण।

उदेश्य एवम विशेषता	हिमाचल में स्वरोज़गार एवं रोज़गार के अवसर जुटाना ।
पात्रता	हिमाचली व गैर हिमाचली आवेदन कर सकते है । गैर हिमाचली के मामले में अनिवार्यता प्रमाण पत्र का होना एवं 118 की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है।
सहायता का ब्यौरा	सम्बन्धित उप निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन कार्यालय से Project approve करवाने के उपरान्त वांछित दस्तावेज के साथ निशुल्क आवेदन कर सकते हैं ।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां से - प्राप्त की जा सकतीहै? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	सम्बन्धित उप निदेशक कार्यालय या website: https://himachaltourism.gov.in
वांछित दस्तावेज	1. जाँच सूची अनुसार। 2. इसके अतिरिक्त कोई और सम्बन्धित दस्तावेज अधिकारी लेना चाहे।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /	सम्बन्धित उप निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन कार्यालय
जेंडर	दोनों

योजनास्कीम का सचांलन /	राज्य	**योजना का नाम :**	होम स्टे स्कीम ।

उदेश्य एवम विशेषता	हिमाचल में स्वरोज़गार एवं रोज़गार केअवसर जुटाना।
पात्रता	आवेदक को हिमाचली संस्कृति, खानपान इत्यादि का ज्ञान-।
सहायता का ब्यौरा	सम्बन्धित उप निदेशक कार्यालय पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग में जाकर वांछित दस्तावेज के साथ निशुल्क आवेदन कर सकते है। इस योजना के तहत घरेलू दर पर बिजलीपानी व न्यूनतम/ पंजीकरण शुल्क के साथ विलासिता कर में भी छूट प्रदान की जाती है।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां - से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	सम्बन्धित उप निदेशक कार्यालय पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग या https://himachaltourism.gov.in
वांछित दस्तावेज	1. जाँच सूची अनुसार। 2. इसके अतिरिक्त कोई और सम्बन्धित दस्तावेज़ अधिकारी लेना चाहे।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /	सम्बन्धित उप निदेशक य पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग कार्यालय।
जेंडर	दोनों

योजना स्कीम का सचांलन /	राज्य	**योजना का नाम :**	अनिवार्यता प्रमाण पत्र।

उदेश्य एवम विशेषता	हिमाचल में स्वरोज़गार एवं रोज़गार के अवसर जुटाना।
पात्रता	गैर हिमाचली इच्छुक निवेशकों को प्रदेश में इकाई स्थापित करने हेतु तथा अनिवार्यता प्रमाण पत्र प्राप्त कर सके ताकि HP Land Tenancy Act 1972 के तहत भूमि क्रय कर सके।
सहायता का ब्यौरा	सम्बन्धित उप निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग कार्यालय में जाकर अनिवार्यता प्रमाण पत्र हेतु वांछित दस्तावेज के साथ आवेदन कर, 118 की अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त होटल पंजीकरण करवा सकता है।
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन -की प्रति कहां से प्राप्त की जा सकती है? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	सम्बन्धित उप निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग कार्यालय या https://himachaltourism.gov.in
वांछित दस्तावेज	1.जाँच सूची अनुसार 2. इसके अतिरिक्त कोई और सम्बन्धित दस्तावेज़ अधिकारी लेना चाहे।
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /	सम्बन्धित उप निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग कार्यालय
जेंडर	दोनों

योजना स्कीम का सचांलन /	राज्य	**योजना का नाम :**	नई राहें नई मंजिलें

उदेश्य एवम विशेषता	हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में राज्य के अनछूऐ व अनवेषित क्षेत्रों के विकास हेतु नई राहें नई मंजिलें स्कीम की योजना घोषित की गई थी, जिसके लिए मु0 50.00 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया। इस स्कीम के तहत् महत्वपूर्ण नये स्थानों को जोड़नेव/िकास हेतु वर्ष 2019-20 में पुनः मु0 50.00 करोड़ रूपये बजट के रूप में आबंटित किए गए। वर्तमान में नई राहें नई योजना के तहत् निम्नलिखित क्षेत्रों को शामिल किया गया हैः -

1. जंजैहली, जिला मण्डी में ईको पर्यटन व संबंधित गतिविधियां।
2. बीड़बीलिंग-, जिला कांगड़ा में पैराग्लाईडिंग, साहसिक खेल व संबंधित गतिविधियां।
3. चांशल जिला शिमला में स्कींग व संबंधित गतिविधियां।
4. तत्तापानी व लारजी डैम में जलक्रीड़ा गतिविधिया।
5. पौंग डैम क्षेत्र ईकोपर्यटन स्थलों का विकास-।
6. पौंग डैम में स्वागत कक्ष का निर्माण करना।
7. नई राहें नई मंजिलें स्कीम के तहत साहसिक खेलों में प्रशिक्षण।
8. प्रचार प्रसार नई राहें नई मंजिलें के तहत ईको टूरिज्म, जल क्रीड़ा, साहसिक खेल गतिविधियों के विकास हेतु, वन विभाग, पर्यटन विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड एवं अटल बिहारी वाजपेयी, पर्वतारोहण, खेल संस्थान मनाली को कार्यकारी एजेंसियों के रूप में चयनित किया गया है। इस स्कीम के तहत् मु0 47.00 करोड़ रूपये की विस्तृत प्रोजैक्ट रिपोर्ट हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित की गई है। विभाग ने जिला कांगड़ा में पैराग्लाइडिंग व साहसिक खेल, शिमला में स्कींग व संबंधित गतिविधियों हेतु तथा कुल्लू जिला में नये ईकोविस्तृत प्रोजैक्ट रिपोर्ट मांगी गई है/गंतव्य के विकास हेतु प्रस्ताव-। इसी प्रकार अन्य सभी जिलों से भी प्रस्ताव मंगवाये गए हैं ताकि अन्य अनछुए क्षेत्रों का विकास किया जा सके।

पात्रता	पर्यटन सरंचनाओं का सरंक्षण व सौन्दर्यकरण, सड़कों का सुधार, पर्यटन अधोसरंचना का विकास जैसेः पार्को - वर्षा शालिका, शौचालय,गलियारें, पगडंडियों का निर्माण,मन्दिरों का सौन्दर्यकरण, भूमि समतल करना,सरांय,सामुदायिक भवन, ट्रैकर हास्टल, जहां सम्भव हो सड़कों को चौड़ा करना, साइनेज़ और ट्रैफिक निर्देश,पार्किंग का निर्माण, डस्टबिन, लाइटिंग,ठोस अपशिष्ट प्रणाली में सुधार,कौशल विकास,कल्याण एवं स्वास्थ्य पर्यटन,सामुदायिक आधारित पर्यटन गतिविधियां उद्यमिता विकास, होमस्टे प्रबन्धन एवं संचालन, आतिथ्य सत्कार, गाइड एवं टैक्सी चालक, ग्राहक सेवा व अन्य जरूरत एवं आवश्यकतानुसार।
सहायता का ब्यौरा	राज्य की अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास का विविधिकरण, रोजगार सृजन
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां से - प्राप्त की जा सकतीहै? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	पर्यटन एवं नागरिक उडडयन विभाग शिमला-9
वांछित दस्तावेज	पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार का नया प्रयास
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /	पर्यटन एवं नागरिक उडडयन विभाग शिमला-9
जेंडर	दोनों

योजना स्कीम का सचांलन /	केन्द्र	योजना का नाम :	स्वदेश दर्शन योजना

उदेश्य एवम विशेषता

स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत हिमालयन सर्किट का समेकित विकास हेतु पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मु0 9976.05 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी। दिनांक 27-03-2019 को मु0 1995.05 लाख रूपये की राशि जो कि 20 प्रतिशत है, पहली किश्त के रूप में प्राप्त हुई। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 06-06-2019 को उक्त योजना को पुनः संशोधित करके मु0 8684.78 लाख रूपये की संशोधित स्वीकृति प्रदान की गई, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः -

1. सम्मेलन कक्ष क्यारीघाट।
2. हैलीपोर्ट शिमला।
3. डल झील धर्मशाला का सौन्दर्यकरण व विकास।
4. सौरभ कालिया वन विहार।
5. कांगड़ा विलेज़ हाॅट।
6. अन्तर्राष्ट्रीय मानक मुक्त कृत्रिम चढ़ाई की दीवार।
7. बीड़ में पैराग्लाइडिंग केन्द्र। 8. शिमला में आईस स्केटिंग रिंग।
8. भलाई माता, चम्बा में । तज ंदक ब्तंजि केन्द्र।
9. लाईट एवं साउंड शो।
10. हाटेश्वरी मंदिर, हाटकोटी का विकास।
11. सम्पूर्ण सर्किट में दिशानिर्देश बोर्ड-, गैन्ट्रीज, सीसीटीवी एवं वाईफाई सुविधा लगाना। पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के प्रमुख ईजन के रूप में स्थान देना। एक नियोजित एवं प्राथमिकता वाले तरीेके से पर्यटक क्षमता वाले सर्किट में विकसित करना। पहचाने गए क्षेत्रो में आजीविका उत्पन्न करनें के लिए देश के सांस्कृतिक विरासत मूल्य को बढावा देना। आगंतुकों की संविधा के लिए धार्मिक स्थलों पर पर्यटन के बुनियादी ढांचे को विकसित करना।

पात्रता

विभिन्न पर्यटन अनुभवों के साथ विश्व स्तरीय गंतव्य के रूप में प्रदर्शित होने की सम्भावना।

सहायता का ब्यौरा

परियोजनाएं और प्रस्ताव आवश्यकता मूल्यांकन और हितधारक बातचीत के आधार पर तीन स्तर से प्रवाह कर सकते है , ये स्तर है पर्यटन मंत्रालय,केन्द्रीय एजेन्सियां, राज्य सरकारकेन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन/।

सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां से - प्राप्त की जा सकतीहै? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

वांछित दस्तावेज

परियोजना रिपोर्ट

आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

जेंडर

दोनों

योजनास्कीम का सचांलन/	राज्य	**योजना का नाम :**	रज्जु मार्ग

उदेश्य एवम विशेषता	पर्यटन को बढावा देनें एवं रोजगार के अवसर पैदा करने हेतु।
पात्रता	निजी प्रोत्साहक
सहायता का ब्यौरा	सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां से - प्राप्त की जा सकतीहै? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है?	निविदा प्रक्रिया के माध्यम से
वांछित दस्तावेज	बोली दस्तावेज डी पी आर
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी /	पर्यटन एवं नागरिक उडडयन विभाग शिमला-9
जेंडर	दोनों

योजना स्कीम का सचांलन /	केन्द्र	**योजना का नाम :**	हुनर से रोजगार तक

उदेश्य एवम विशेषता

सेवा प्रदाताओं के लिए "क्षमता निर्माण" की योजना के अन्तर्गत पर्यटन मंत्रालय की पहल पर निश्चित किया गया कि सरकार द्वारा प्रायोजित पर्यटन एवं आतिथ्य सत्कार संस्थानों, निजी पर्यटनसत्कार संस्थान आतिथ्य/,राज्य पर्यटन विकास निगम व राज्य सरकार इत्यादि को वितीय सहायता एवं कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत "हुनर से रोजगार" कार्यक्रम संचालन करवाएगी। कार्यक्रम में छोटे परन्तु गुणवता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया जैसे

1. खाद्य और पेय पदार्थ सेवायें
2. खाद्य उत्पादन
3. बेकरी
4. ड्राइवींग कौशल
5. पत्थर की चिनाई
6. गोल्फ कैडीज
7. पर्यटक प्रशिक्षक आदि।

इस कार्यक्रम का उद्धेश्य ऐसे लोगों को दक्ष करना था जिनको रोजगार की आवश्यकता हो।

पात्रता :

1.मल्टी कुज़ीन कुक आठवी पास....
2. क्राफट बेकरआठवी पास ....
3. एफ एंड बी सेवायें दसवीं पास......स्टीवर्ड.....
4. रूम अटेन्डेन्ट पांचवी पास.....
5. फ्रंट आफिस एसोसिएट बारवीं पास....

सहायता का ब्यौरा :	चयनित उम्मीदवार को उपर्युक्त पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, पूरे पाठ्यक्रम का खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा
सहायता लेने के लिए आवेदन की प्रक्रिया आवेदन की प्रति कहां से - प्राप्त की जा सकतीहै? या किस वैब साइट से डाउनलोड की जा सकती है? :	निकटतम राज्य संचालित खाद्य शिल्प संस्थान या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहां पर पाठ्यक्रम उपलब्ध हो
वांछित दस्तावेज :	शैक्षणिक योग्यता तथा हिमाचल निवासी प्रमाण पत्र
आवदेन जमा करने का स्थान व सम्पर्क सूत्र अधिकारी / :	निकटतम राज्य संचालित खाद्य शिल्प संस्थान या औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
जेंडर :	दोनों